हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 2 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री


10 अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : आयुक्त





11 चिकित्सा दिवस पर डॉ. दानी का किया स्वागत, दी बधाई







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


# जिले में 101 मिलीमीटर बारिश, पिछले साल से 50 प्रतिशत कम


## घुमड़-घुमड़कर जा रहे काले बादल, कहीं-कहीं हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में मानसून प्रवेश भले ही कर लिया हो लेकिन बारिश की स्थिति इस साल अब तक अच्छी नहीं है। 1 जून से 1 जुलाई तक 101.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो पिछले साल इस समय से 50 प्रतिशत कम है। यानी अभी तक दुर्ग जिले में करीब 200 मिलीमीटर बारिश हो जाना चाहिए था। हालांकि सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में अब तक 212 मिलीमीटर हो चुकी है। मौसम विभाग के हिसाब से सोमवार को भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी लेकिन पूरे दिन बदली छाई रही। सुबह और शाम हल्की बारिश हुई।

### सबसे ज्यादा बारिश पाटन ब्लॉक में

कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 212 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 49.4 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 68.3 मिमी, तहसील धमधा में 60.4 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 74.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 146.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जुलाई को तहसील दुर्ग में 10.0 मिमी, तहसील धमधा में 4.1 मिमी, तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 3.0 मिमी एवं तहसील पाटन में 1.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



### तीन द्रोणिकाएं हैं सिस्टम में सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर पंजाब से मिजोरम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल के उपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व अरब सागर-दक्षिण तटीय गुजरात से मध्य मध्यप्रदेश तक 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है ।

### आज बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने 2 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चल सकती है। जिले का अधिकतम तापमान 29.2 और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### खेती-किसानी पिछड़ी

पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेती-किसानी पिछड़ गई है। किसानों के मुताबिक जिन किसानों ने खर्रा बोनी कर ली है वहां गर्मी की वजह से बीज खराब होने लगे हैं। बारिश होती तो बीज में अंकुरण आता। इसी तरह कई किसानों ने बुवाई ही शुरू नहीं की है। खेतों में जुताई लायक पानी ही नहीं मिला है इसलिए बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। पिछले साल से 60 प्रतिशत बुवाई प्रभावित है।

## खबर संक्षेप

### रवेली खार से केबल चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** किसान के खेत से केबल चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम राखी निवासी नकुल लाल ने शिकायत किया है कि रवेली खार में उसका खेत है। जहां मोटर पंप के लिए सौर ऊर्जा का पैनल लगाया गया है। सोमवार की सुबह किसान खेत में बीज डालने के लिए पहुंचा था। जहां से सौर ऊंर्जा से पंप तक गई केबल वायर को अज्ञात ने पार कर लिया है। पाटन पुलिस ने दोपहर 2 बजकर 10 मिनट में नए कानून के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाचन थाना जिले में नए कानून के तहत पहला अपराध कायम करने वाला थाना बन गया है।

### मैनेजर घर में घुसकर पत्नी से किया विवाद

**भिलाई।** बिना कारण के युवक द्वारा मैनेजर के घर में घूसकर उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज विवाद करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने नए कानून के तहत धारा 115 (2), 296 का मामला दर्ज किया है। वार्ड 10 सुभाष नगर जामुल निवासी गौरव पाण्ड़ेय बजाज फायनेंस में मैनेजर के पद पर है। मोहल्ले का मनोज यादव 30 जून की शाम घर आकर पत्नी से गाली गलौच किया। बिना कारण के विवाद कर रहा था। कार की कांच को तोड़ने की धमकी देकर चला गया। सुबह पार्किंग में खड़ी कार स्क्रेच पड़ा था। तब मनोज यादव को स्क्रेच करने को लेकर बात करने पर उसने मारपीट कर गाली गलौज किया। घटना में पीडित के दांत में व दाहिने पैर, पीठ में चोंटे आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सख्ती के बाद एक करोड़ चालीस लाख वापस, लेकिन खर्च का हिसाब नहीं

# मितान योजना का डकार गए छह करोड़, हिसाब देने में छूट रहा पसीना

राहुल शर्मा ⏭दुर्ग

पिछले कांग्रेस सरकार द्वारा लांच किए गए मितान योजना में जमकर बंदरबांट हो गया है। इस योजना के तहत दुर्ग जिले के निकाय और ब्लाकों के ग्राम पंचायतों में 610 क्लबों को करीब 6 करोड़ 10 लाख रूपए जारी किए गए थे। लेकिन जब खर्च किए गए राशि का ब्यौरा मांगा जा रहा हैं तो अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए है। यहां तक कि नेताओं की भी बीपी बढ़ गई है। घबराहट में अधिकारियों ने कुछ खर्च की जानकारी दी है। लेकिन इसमें भी खर्च का हिसाब स्पष्ट नही किया गया है।

उल्लेखनीय हैं कि जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत सहित नगरीय निकायों को चार किस्तों में राज्य शासन द्वारा 6 करोड 10 लाख रूपए जारी किए गए थे। राज्य शासन द्वारा मितान योजना के जरिए युवाओं को सरकारी योजनाओं में भागीदारी निभाने के लिए इसे लांच किया गया था। लेकिन जनप्रनतिनिधियों के संरक्षण में मितान क्लब में जमकर बंदरबांट की खबर है। हर तीन माह में प्रत्येक क्लब को 25 हजार रूपए जारी किया जाना था, यही नहीं हर तीन माह में क्लब की उपलब्धियों को लेकर बैठक भी होनी थी। लेकिन उच्च पदस्थ संरक्षण के चलते युवा भी अपने उछेश्यों से भटक गए और करोडों रूपए की राशि का वारा न्यारा कर गए हे। यही कारण हैं कि, भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेशभर के निकायों और ग्राम के क्लबों से खर्च किए गए राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। लेकिन निकाय व एसडीएम के कांनों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

### खास बातें

- पाटन एसडीएम ने नही दिया प्रमाण पत्र
- चरोदा निगम ने दो दिन में ब्यौरा देना बताया
- दुर्ग ग्रामीण एसडीएम से बार बार कर रहे संपर्क, जवाब नहीं

### कलेक्टर द्वारा टीएल में दिया कई बार निर्देश, विभाग ने थमाए नोटिस




### भिलाई निगम नहीं दे पा रहा खर्च का हिसाब

जानकारी अनुसार अब तक दुर्ग नगरनिगम को 60 क्लब को जारी किए गए साठ लाख में 42 लाख खर्च होने की जानकारी दी गई है। इसमें 36 प्रकार के कार्यो में खर्च होने का उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया गया है। जिसमे 42 लाख खर्च होना बताया गया है। जबकि भिलाई निगम 140 क्लब को एक करोड चालीस लाख जारी हुआ, जिसमें खर्च 76 लाख 41695 रूपए खर्च होना बताया गया है। लेकिन उपयोगिता प्रमाण पत्र एक भी नही दिया गया है। इसी तरह रिसाली निगम को चालीस क्लब के लिए चालीस लाख जारी हुआ, जिसमें चालीस कार्यो में पूरी राशि खर्च होने का ब्यौरा दिया गया है।

### जिले के 610 क्लब को मिले छह करोड़

जानकारी अनुसार तीनों ब्लाक और निकायों के 610 क्लबों को चार किस्तो में 6 करोड 10 लाख रूपए जारी किया गया था। राज्य शासन के निर्देश पर हिसाब मांगने खेल विभाग द्वारा हर सप्ताह टीएल की बैठक में कलेक्टर के कहने और तीन से चार बार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी उपयोगिता प्रमाण पत्र नही दिया गया है। जानकारी अनुसार जारी राशि में 2 करोड 46 लाख 91695 खर्च होना बताया है। जबकि अब तक वापसी एक करोड चार लाख का हिसाब बगैर ब्यौरा के दिया है। इसमें दुर्ग और रिसाली निगम ने ही उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया है।

### देंगे जानकारी

अब तक सिर्फ दुर्ग, भिलाई और धमधा एसडीएम से राशि खर्च होना बताया गया है। लेकिन कई निकायों से खर्च का ब्यौरा नही दिया जा रहा है। जिला प्रशासन को सूचना दी जाएगी।

-विलियम लकड़ा
सहायक संचालक, युवा कल्याण विभाग

### गांव में भी जमकर वारा-न्यारा

निकायों के आलावा ग्राम पंचायतों में भी क्लब का गठन किया गया था। तीनों ब्लाक में भी हिसाब का ब्यौरा नही दिया गया है। दुर्ग अनुविभागीय अधिकारी को ब्लाक के 75 क्लब के लिए 75 लाख जारी किया गया था। जिसमें खर्च सोलह लाख बगैर ब्यौरा के खर्च होना बता दिया गया। वही पाटन अनुविभागीय को 114 क्लब के लिए एक करोड चौदह लाख जारी किया गया। जिसमें सिर्फ 28 लाख 50 हजार बगैर लिखित जानकारी के खर्च होना बताया गया है। वहीं धमधा के 141 क्लब के लिए एक करोड 41 लाख रूपए जारी किया गया। जिसमें खर्च पैतीस लाख पच्चीस हजार बगैर उपयोगिता प्रमाण पत्र के जानकारी दी गई है। चरोदा निकाय को 40 क्लब के लिए चालीस लाख दिए, जिसमें 8 लाख 75 हजार खर्च बताया, जिसमें खर्च का हिसाब नही दिया गया है।

## भट्ठी थाना पुलिस कर रही है जांच

# बीएसपी में मृत मिला अज्ञात व्यक्ति, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के पॉवर सिस्टम विभाग में ब्लास्ट फर्नेस–6 के पीछे सब स्टेशन 15 एफ में एक संदिग्ध व्यक्ति पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी सुबह 7:50 बजे मिली। तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट से एम्बुलेंस भेजी गई।

सब स्टेशन 15 एफ बंद था जिसे खोलकर व्यक्ति को निकाला गया। उसे मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है। मृतक के पास संयंत्र का गेट पास या किसी भी तरह का कोई पहचान पत्र नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति चोरी की नियत से सब स्टेशन की दीवार में छेद करके अंदर गया होगा। मृत अवस्था में पाए गए इस व्यक्ति को निकालकर संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां इसे मृत घोषित करते हुए सेक्टर–9 मर्च्युरी भेज दिया गया। भट्ठी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- मृतक की आयु करीब 30 साल, गेटपास भी मिला

## हैदराबाद से महादेव सटोरिया को लाई टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तेलांगना हैदराबाद में महादेव सट्टा चलाने वाले युवकों को एसीसीयू की टीम गिरफ्तार कर भिलाई ला चुकी है। घटने का खुलासा पुलिस मंगलवार को करेगी। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला पुलिस ने इससे जुडे आरोपी सेक्टर 2 सड़क 10 क्वाटर 17 एफ निवासी शुभम उर्फ गोलू सिंह को पुलिस ने पकड़ा था।उसके बाद शुभम ने सारा क्लू पुलिस को बताने के बाज एसीसीयू की टीम ने हैदराबाद में दबिश देकर कैम्प वैशाली नगर निवासी बी चंदू, , जामुल अभिषेक वर्मा, कैम्प 1 प्रगति नगर हिमांशु चौहान, कैम्प 1 उदय, आदित्य पाण्डेय, एक अपचारी बालक,मणि, सुजीत साव को पकड़ा गया है। एसीसीयू ने मोबाइल लोकेशन के कारण सटोरियों को दबिश देकर पकड़ा। आरोपी शुभम से विनय स्टार को पैनल लिया था। यह कार्रवाई एएसपी क्राइम रिचा मिश्रा के नेतृत्व में की गई है।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें


* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


# नया कानून जिले के थानों में उत्सव की तरह मना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

## नए कानून के तहत जिले का पहला मामला पाटन में दर्ज




नए कानून को लेकर दुर्ग जिले के थाना चौकियों में उत्सव जैसा माहौल रहा। दुर्ग पुलिस विगत तीन महीना से लगातार नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता विषय पर कार्यशाला, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण कॉलेज में दिया गया है। सोमवार को भारत सरकार द्वारा संपूर्ण भारत में इसे लागू कर दिया गया है।

नए कानून में जिले में पहला केस थाना पाटन में धारा 303 (2) के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में नवीन कानून शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। इस दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर,आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी,एसपी जितेंद्र शुक्ला, नगर निगम भिलाई आयुक्त देवेश ध्रुव ,डीएफओ चंद्रशेखर सिंह परदेशी, एडीएम अरविंद कुमार एक्का, एएसपी सुखनंदन राठौर,अभिषेक झा, वेदव्रत सिरमौर, प्रज्ञा मेश्राम, पद्मश्री, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे इसके अलावा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण मौजूद थे। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि संपूर्ण भारत में भारत सरकार द्वारा नया कानून भारतीय न्याय संहिता लागू किया है। एएपी सुखनंदन राठौर ने धन्यवाद दिया।

### अब न्याय के लिए है कानूनः आईजी

आईजी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि पूर्व में जो भारतीय दंड संहिता थी वह अब भारतीय न्याय संहिता हो गया है। पहले दंड के लिए कानून बनाया गया था, अब पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कानून बनाया गया है। नए कानून में जीरो एफआईआर के माध्यम से भारत के किसी भी थाने में जाकर अपनी रिपोर्ट दर्ज करा करा सकते है। अब कोई पुलिस वाला मना नहीं करेगा। उसके बाद रिपोर्ट को थाना क्षेत्र में ट्रांसफर कर देगा, साथ ही पुलिस के ईमेल एड्रेस, नंबर पर भी ई एफआईआर के माध्यम से रिपोर्ट लिख सकते हैं।

### थानों में दी गई जानकारी

पुरानी भिलाई तीन, जामुल, छावनी, खुर्सीपार, सुपेला, भिलाई नगर, नेवई, उतई, अंडा समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में नए कानून को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, सीएसपी हरिश पाटिल, निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर, आयुक्त डीएस राजपुत, आईएस भार्गव समेत तहसीलदार समेत स्थानीय नागरीकगण मौजूद थे। जिन्हें नए कानून को लेकर जानकारी दी गई।

## नवजात शिशु भ्रूण मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अज्ञात नवजात शिशु भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कंडरका कुम्हारी में अज्ञात नवजात शिशु भ्रुण 4 से 5 माह का मिला है। अज्ञात महिला द्वारा अवैध गर्भ छिपाने के कारण उसे फेंक दिया था। जिसका पी.एम. शासकीय अस्पताल सुपेला में कराया गया। पीएम रिपोर्ट में डाक्टर ने बताया है कि अवैध गर्भपात से मौत होना पाया गया। भ्रुण 30 जून की दोपहर को ग्राम ढीमर भवन के सामने नाली में ग्राम कंडरका कुम्हारी के पास मिला। घटना की सूचना हेम लाल ने पुलिस को दी। शिकायतकर्ता दोपहर को घर से चाय पीने जा रहा था। तभी भवन के पास काफी भीड लगी हुई थी। नाली में कचरा के पास नवजात शिशु भ्रुण पाया गया। पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है।


पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र पाटन में अखबार की प्रति, समाचार एवं विज्ञापन के लिए उमंग न्यूज एजेंसी (भूषण देशलहरे)
मो. 9993203874 पर संपर्क करें।


## दुर्ग जिले में पहली बार आरोग्यम हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट

# पिता ने पुत्र को किडनी देकर बचाई जान, जिले में नई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर शुरू हो गई है। आरोग्यम हॉस्पिटल में एक पिता ने अपने पुत्र को किडनी देकर उसकी जान बचाई। पहली बार जिले के किसी हॉस्पिटल में सफल किडनी ट्रांसप्लॉट किया गया है। अब मरीजों को छत्तीसगढ़ से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दोनों किडनी ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस रोग की वजह से खराब

बालोद निवासी गुमान देशमुख की दृढ़ इच्छा शक्ति व आरोग्यम हॉस्पिटल के डॉ नवीन दारूका की टीम ने चरितार्थ कर दिखाया। गुमान देशमुख ने अपने 40 वर्षीय पुत्र उत्तम कुमार देशमुख जिनकी दोनों किडनी ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस रोग की वजह से खराब हो गई थी, उन्हें अपनी किडनी दान करके पिता परमेश्वर होता है साबित कर दिया। ट्रांसप्लॉट के लिए पहले मरीजों को छत्तीसगढ़ से बाहर जाकर अत्यधिक खर्च वहन कर किडनी आपरेट करवाना पड़ता था। लेकिन अब किडनी ट्रांसप्लाट की सुविधा आरोग्यम हास्पिटल दुर्ग में ही हो गई है। जो किडनी के पेशेंट के लिए वरदान साबित हो रहा है।



### ऐसे हुआ आपरेशन

ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस जिसे ग्लोमेरुलर रोग भी कहा जाता है, गुर्दे की बीमारियों का एक समूह है जिसमें गुर्दे की ग्लोमेरुली क्षतिग्रस्त और सूजन हो जाती है। ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस किडनी के लिए काम करना कठिन बना देता है, जैसा कि उन्हें करना चाहिए। इसके परिणाम स्वरूप किडनी ट्रांसप्लांट ही एक मात्र विकल्प बचता है।

### इनकी साझेदारी से हुआ ऑपरेशन सफल

किडनी का ऑपरेशन वेल ट्रेंड स्टाफ के साथ दो डिपार्टमेंट के संयुक्त प्रयास से होता है। किडनी के ऑपरेशन के लिए नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी डिपार्मेंट मिलकर काम करते हैं। दोनों के काम अलग हैं लेकिन, परिणाम शानदार देते हैं और मरीज के एक नया जीवनदान प्रदान करते हैं। दुर्ग स्थित आरोग्यम में नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ. आर के साहू और यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ.नवीन राम दारूका की टीम ने इस कार्य को अंजाम दिया।

### बाहर होता है महंगा इलाज

किडनी ट्रांसप्लाट की सुविधा आरोग्यम हास्पिटल दुर्ग में ही बाहर से कम खर्च पर यह उपलब्ध है। जिससे पेशेंट का लगने वाला भारी खर्च व समय की काफी बचत होती है। किडनी ट्रांसप्लॉट सेंटर बन जाने से किडनी के पेशेंट के लिए वरदान साबित होगा।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

खबर संक्षेप



## विधायक ने सुनीं मोदी के मन की बात

दुर्ग। शीतला चंडी मंदिर मंडल द्वारा वार्ड 9 गिरधारी नगर में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में शहर विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए। पूर्व पार्षद के यहां प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्री मोदी ने कहा की मन की बात' का जो आत्मा है देश में, समाज में, हर दिन अच्छे काम, निस्वार्थ भावना से किए गए काम, समाज पर सकारात्मक असर डालने वाले काम निरंतर चलते रहे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधान मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद अपना मासिक रेडियो कार्यक्रम, 'मन की बात' फिर से शुरू किया। इस दौरान पार्षद शेखर चंद्राकर, पूर्व पार्षद ज्ञानेश ताम्रकार, दिनेश, शम्भू पटेल, अनूप गटागट, नीलेश नालोडे, विजय साहू बंटी चौहान, गोपू पटेल, दिनेश्वरी, मीनाक्षी महोबिया, गीता सोनी, सरोज राजपूत, पूजा पटेल, सरोज चंद्राकर उपस्थित रहे।

## प्रभातफेरी निकाल कर गुरु पूर्णिमा का दिया संदेश



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की बालसंस्कार विभाग व समिति द्वारा सरस्वती नगर दुर्ग में गुरु पूर्णिमा का शुभ संदेश देते हुए प्रभात कीर्तन यात्रा निकाली गई। प्रभात फेरी की शुरुवात श्री राम जय राम जय राम से की गई। यात्रा सरस्वती नगर से निकल कर पूरे नया पारा और भी दुर्ग के जगह घुमाए गए। इस कार्यक्रम में दुर्ग के अलावा और भी जगह से सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित थे। सभी नगर वाशी को गुरु पूर्णिमा का शुभ संदेश दिए। प्रभात फेरी में आश्रम संस्था की ऋषि प्रसाद पत्रिका भी निःशुल्क बांटी गई। प्रभात कीर्तन के अंत में आरती महाप्रसादी के साथ समापन किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में धूम धाम से मनाई जाएगी। जिसकी तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी युवा सेवा संघ के ओम प्रकाश साहू ने दी।

## 210 पदों के लिए 5 को प्लेसमेंट कैम्प

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 210 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 5 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक आदि के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# सिंडिकेट ने बाजारों तक पहुंचने नहीं दिया सरकार का सस्ता चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्र सरकार द्वारा महंगाई से आम लोगों को राहत देने के लिए भारत ब्रांड छाप चावल उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई थी। लेकिन यहां कथित सिडिकेंट ने आम लोगों के बीच चावल पहुंचने तक नही दिया। महज 29 रूपए किलो वाले चावल की सप्लाई कुछ मिलरों के सिंडिकेट तक ही सीमित रहा और आम लोगों तक पहुंचने के बजाय यह मिलरों से सीधे कस्टम मिलिंग में ही खप गया है।

केंद्र सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को सस्ते दामों में भारत ब्रांड चावल उपलब्ध कराने की मंशा पर मिलर्स, पैकर्स और विक्रेताओं के सिडिकेट ने आपस में मिलकर पानी फेर दिया। जानकारी अनुसार एफसीआई से मिलरों को बीस रूपए किलो में चावल देने की योजना थी। इसे उपभोक्ताओं को 29 रुपए किलो में बेचना था। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड कृषि उपज के लिए सरकारी समितियां से संबंधित है। यह कृषि व अन्य वस्तुओं के सहकारी संस्थाओं और सहयोगियों की व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और विपणन के लिए कार्य करती है। इसे कृषि उत्पादों को नामित आउटलेट्स में विक्रय के लिए प्रस्तुत किया जाता है। नाफेड द्वारा उपभोक्ताओं की भारत ब्रांड के नाम पर भारत दाल, भारत चावल और आटा उपलब्ध कराया जाता है।

### जिले के किसी भी राशन दुकान और बाजारों में नहीं मिल रहा चावल

#### राशन दुकान में नहीं पहुंचा

सूत्रों के अनुसार एफसीआई से खुला चावल मिलरों को बीस रूपए किलो के दर से देना था, लेकिन यह जिले के किसी भी राशन दुकान में नही पहुंचा। इसे दस किलो के पैकेट में तैयार कर उपभोक्ताओं तक 29 रूपए किलो में पहुंचाना था। यह भी कहा गया था कि, इसे नाफेड द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन कुल मिलाकर आम लोगों के पहुंच से सस्ता चावल बाहर रहा। भारत चावल 10 किलो की बोरी में 290 रुपए व दाल साठ रुपए प्रति किलो की दर पर पांच किलो की बोरी 300 रुपए तथा भारत आटा साढे 27 रुपए की किलो की दर से पांच किलो के बैग में 137 रुपए 50 पैसे में विक्रय किया जाना है।



#### जमा कर दिया

“ दुर्ग जिले के लिए करीब पन्द्रह हजार टन का टारगेट था। जिसे पूरा कर जमा कर दिया गया है। वैसे बारह जून को लोगों द्वारा रूचि नही दिखाने पर बंद कर दिया गया है। -विनित जैन, अध्यक्ष, जिला राईस मिल एसोसिएशन

#### डेढ़ लाख क्विंटल चावल का पता नहीं

मिलरों ने बताया कि, एफसीआई से दुर्ग जिले के मिलरों को डेढ लाख क्विंटल चावल बनाने का टारगेट दिया गया था। इस चावल के ब्रोकन हटाने के बाद मिलरों को ही दस किलो का पैकेट बनाना था। जिसे तैयार कर अब तक मिलरों ने एफसीआई को डेढ लाख क्विंटल चावल का पैकेट जमा किया था। एफसीआई के डीएम गोकुल सिंह ने बताया कि, पैकेट मिलरों से प्राप्त होने के बाद हमने नाफेड को उपलब्ध करा दिया था। चर्चा ऐसी भी हैं कि, मिलरों ने इस चावल को कस्टम मिलिंग में खपाया है। खैर अगर प्रशासन इस मामले की जांच कराए तो बडे सिंडिकेट का पता चल सकता है।

### खेती-किसानी : बीज निगम ने दाम बढ़ाकर किसानों को दिया झटका

# उड़द, मूंग और तिल सहित धान के बीज में महंगाई की मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही धान का समर्थन मूल्य इस बार प्रति क्विंटल 3100 रूपए कर दिया गया है। लेकिन दूसरी तरफ बीज निगम ने किसानों को महंगी बीज बेचने की इस बार पूरी तैयारी भी कर ली है। बीज निगम ने इस बार धान सहित दलहन, तिलहन, सोयाबीन सहित सभी बीजो के दाम में एकतरफ बढोत्तरी कर दी गई है। जिसके चलते खेती-किसानी इस बार महंगी हो जाएगी।

वर्तमान में किसान खरीफ सीजन की बोआई में जूट गए है। बीज निगम द्वारा सोसायटियों में बीज का भंडारण किया जा रहा है। इस बीच किसान बीज खरीदने पहुंच रहे हैं तो उन्हें बढे हुए दाम का पता चल रहा है। किसानों का कहना है कि, इस बार बीज निगम ने ज्यादा ही बीज के दाम बढा दिए है। बीज के साथ ही ट्रैक्टर, रोपाई और मजदूरी के दर भी बढ गए है। इसके आलावा फसल में उपयोग होने वाली दवाईयों की कीमतों में भी इस बार निजी कंपनियों ने पिछले साल के मुकाबले पन्द्रह फीसदी की बढोत्तरी कर किसानों को चिंता में डाल दिया है। बीज निगम द्वारा प्रत्येक बीज के दाम में पांच सौ रूपए प्रति क्विंटल से अधिक की बढोत्तरी कर दी गई है।

### किसानों की जेबें ढीली करेगा बीज निगम, रोपाई और मजदूरी भी महंगी



#### पांच की रोपाई सात हजार तक पहुंची

प्रगतिशील किसान संगठन अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, पिछले साल प्रति एकड में धान की रोपाई पांच हजार में हो जाती थी। लेकिन इस बार रोपाई बढकर सात हजार तक पहुंच गया है। इसी तरह ट्रैक्टर प्रति घंटे की जोताई के लिए आठ सौ लेते थे, वह अब एक हजार पहुंच गया है। इसी तरह मजदूरी ढाई सौ से साढे तीन सौ तक पहुंच गया है। जिसमें हार्वेस्टर से कटाई प्रति घंटो दो हजार रूपए से अधिक हो गया है। इसके आलावा खेत से फसल घर ले जाने और कटाई करने के बाद बाजार तक पहुंचाने में किसानों को अतिरिक्त भाडा का वहन करना पडता है। इस तरह महंगाई का चौतरफा मार किसानों पर पडता हैं।

#### ऐसे समझे बढ़े हुए बीज के दाम

| किस्म | 2023 | 2024 | अंतर |
|---|---|---|---|
| धान मोटा | 2688 | 3264 | 576 |
| धान पतला | 2880 | 3744 | 864 |
| धान सुगंधित | 3264 | 4320 | 1056 |
| उड़द | 9840 | 12000 | 2160 |
| मूंग | 9696 | 10752 | 1056 |
| सोयाबीन | 7776 | 7872 | 96 |
| मूंगफली | 9120 | 11424 | 2304 |
| तिल | 14112 | 18528 | 4416 |
| रामतिल | 10608 | 12480 | 1872 |
| ढेंचा | 8016 | 9504 | 1488 |
| सनई | 7488 | 11136 | 3648 |

# जनदर्शन में मकान, पानी और पट्टा दिलाने लगाई गई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में 150 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से बडी संख्या में लोगों ने मुआवजा, पीएम आवास, सरकारी पट्टा और नल कनेक्शन के लिए गुहार लगाई है। जनसुवाई के दौरान प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को समाधान करने निर्देश दिए है।

■ जनदर्शन में प्राप्त हुए 150 आवेदन

जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे रामनगर सुपेला वार्ड 19 भिलाई के निवासियों ने बताया कि, नवनिर्मित मकान मालिक द्वारा अपनी जमीन के बाहर नाली पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। नाली पर अवैध निर्माण हो जाने के कारण पानी निकासी की समस्या आ रही है। घासीदास नगर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आवेदन किया। उन्होंने बताया कि वह विधवा है उनका एक बेटा है, जो पढ़ाई कर रहा है। आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण कच्चे मकान में निवासकर जीवकोपार्जन कर रही है, जिसमें हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नाम सूची में दर्ज होने के पश्चात भी आज दिनांक तक इस योजना का लाभ नही मिल पाया है। इस पर अपर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को कार्यवाही करने को कहा।



#### राशन कार्ड में नाम जोड़ने की मांग

ग्राम सिरसा कला निवासी ने काबिज भूमि का पट्टा दिलाने की मांग की। उन्होने बताया कि, उनका गरीब परिवार 50 वर्षो से कच्चा मकान बनाकर निवासरत है। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा में टैक्स जमा किया जा रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार भिलाई-3 को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड में नाम जोड़वाने, अनुकम्पा नियुक्ति, भारत माला परियोजना अंतर्गत मुआवजा राशि दिलाने, स्कूल में एडमिशन दिलाने, जाति प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार के आवेदन के साथ-साथ अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

वार्ड नंबर 12 मोहन नगर निवासी ने अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन हेतु आवेदन दिया। वार्ड नंबर 12 में पानी की परेशानी को देखते हुए वार्डवासियों द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन हेतु जल घर में आवेदन प्रस्तुत किया गया। लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही हो पाई है। वार्डवासियों को पानी के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर की व्यवस्था सुचारू रूप से और भी बेहतर ढंग से चले एवं बारिश में पानी भराव व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़े एवं प्रमुख नालों एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में लगातार सफाई जारी है। नाला सफाई कार्य जायजा के तहत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड क्रमांक 41 केलाबाड़ी में भ्रमण कर चल रहे सुराना कालेज के करीब नाला सफाई कार्य का जायजा लिया और पानी भराव क्षेत्रों में साफ-सफाई कर पानी निस्तारी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। निकासी का साधन बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण नाला एवं नालियों की सफाई किया जाये, ताकि पानी भराव की स्थिति निर्मित न हो। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिये सफाई अभियान सम्पादित करे तथा जल शुद्धिकरण के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराया जाये। साथ ही फल सब्जी विक्रताओं एवं होटलों का निरीक्षण कर पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने एवं ताजा खाद्य पदार्थ बिक्री करने हेतु संबंधित व्यवसायियों को समझाईस देवे।

■ तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग डालने के निर्देश



### अमृत काल : छग विजन के लिए नागरिकों से मांगे सुझाव

दुर्ग। राज्य नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन/2047 तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए नागरिको से सुझाव आमंत्रित किये जा रहे है। सुझाव के लिए नागरिक पोर्टल उपयोग कर सकते है।

# स्कूल भवन निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संकुल क्षेत्र केंद्र चिखली में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने की। चिखली सरपंच सुनीता यादव, जेवरा- सिरसा मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र यादव विशेष अतिथि थे। शिक्षा विभाग के ब्लाक क्षेत्र समन्वयक श्रवण कुमार सिन्हा प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कल्पना अग्रवाल ने बताया कि, प्रवेशोत्सव में चिखली संकुल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया और शिक्षा की महत्ता व सफल जीवन हेतु लक्ष्य निर्धारण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस दौरान विधायक द्वारा भवन विहीन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली के भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। ब्लाक शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव ने आभार व्यक्त किया गया। संकुल समन्वयक अनुपम अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री के सन्देश वाचन के पश्चात पाठ्यपुस्तकों तथा गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार जांगड़े व नेमसिंह साहू ने किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, सरला बेलचंदन, बिंदु साहू, इन्द्राणी राउत के अलावा संकुल के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

■ चिखली संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव में पहुंचे कोर्सेवाड़ा

# ऋण पुस्तिका की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विस इकाई प्रभारी देवानंद कुंभकार के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दुर्ग जिले के सभी पटवारी हल्का में किसान किताब (ऋण पुस्तिका) की कमी होना बताया गया। जिससे किसानों व आम जनता को समय में ऋण पुस्तिका नहीं मिल पा रहा है। जमीन की रजिस्ट्री व प्रमणिकरण बाद ऋण पुस्तिका के लिए किसानो व आम जनता को तहसील व पटवारीओ के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि, ऋण पुस्तिका की वजह से खरीदी बिक्री के साथ लोन संबंधी कार्य रुके हुए हैं। वही उन्होने कहा की शासन प्रशासन की गलत नीतियों की वजह से आमजनो को इसका परिणाम भुगतना पड़ रहा हैं। ऋण पुस्तिका की कमी को जल्द पूरा कराने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वाले में सचिन गवई, सागर सेन, उदित सेन, योगेंद्र गजभिये व अन्य कार्य कर्ता शमिल थे।




### हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने के लिए किया गया जागरूक

# महमरा एनीकट में समाज व ग्रीन केयर ने रोपे बेल के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बारिश के आगमन के साथ ही इन दिनों पौधरोपण का अभियान जोर पकडने लगा है। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग एवम ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा शिवनाथ नदी के तट पर महमरा एनिकट के पास 24 बिल्व बेल पौधों का रोपण महापौर धीरज बाकलीवाल के मुख्य आतिथ्य में किया।

इस अवसर महापौर धीरज बाकलीवाल ने बिल्व पौधे का रोपण किया तथा सर्व ब्राह्मण समाज एवम ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया की बिल्व वन की सोच एवम उसे साकार करने 24 पौधों का रोपण की सराहना की। उन्होंने कहा पौधारोपण पुण्य कार्य है, हर व्यक्ति को पौधा लगाकर बड़ा कर हरियाली बढ़ाने का काम करना चाहिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु आवश्यकतानुसार प्लास्टिक पाइप उपलब्ध कराने निर्देशित किया। जिला महासचिव जितेंद्र तिवारी ने आज अपने जन्म दिन का पौधा 5 बिल्व पौधे इसी कार्यक्रम में लगाया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी, महिला मंच अध्यक्ष मंजरी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, जितेंद्र तिवारी, बृजमोहन तिवारी, डॉ अर्चना चौबे, किशोर तिवारी, अनिल शुक्ला, शिवाकांत तिवारी, चंद्रशेखर पांडेय, राकेश दुबे, लीना दुबे, महेश दुबे, चंद्रप्रकाश शर्मा, श्याम कुमार तिवारी, सतीश पांडेय, मिंटू शर्मा, संजय दुबे, शशिकांत दुबे, नरेश कुमार चौरे, मुकेश तिवारी, हिमालय राज तिवारी ने सक्रिय भागीदारी के साथ पौधारोपण किया। रोपित सभी पौधों में सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाए गए हैं, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। बिल्व पौधे उपलब्ध कराने हेतु चंद्रशेखर परदेसी वन मंडलाधिकारी का आभार एवम सहयोग प्रदान करने हेतु नर्सरी प्रभारी अधिकारी राजेश प्रजापति को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



#### संस्था ने किया जागरूक

समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने बढ़ते तापमान को रोकने पर्यावरण सुधार हेतु हर व्यक्ति को पौधा लगाने कहा। बिल्व वन की सोच की सराहना की। उन्होंने आवश्यकता अनुसार पौधों की सुरक्षा हेतु सहयोग प्रदान करने कहा। राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने हमारे जीवन में पेड़ पौधों के महत्व को बताया तथा समाज जनों को इस बारिश में अधिक से अधिक पौधे लगाकर सुरक्षा करने आव्हान किया।

#### कथा से मिली थी प्रेरणा

समाज के कार्यकारिणी सदस्य ग्रीन केयर अध्यक्ष पर्यावरण विद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि, मैंने भागवताचार्य पंडित डॉ विक्रांत दुबे की कथाओं में बेल पत्ती एवम बेल वृक्ष की महिमा के बारे में सुना था। तभी से यह सोचा कि बेल की महिमा एवम पुण्य का लाभ ब्राह्मण समाज के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इसी के अनुरूप राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी के साथ विचार विमर्श कर आज 24 बेल पौधे लगाकर शुरुवात की जा रही है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर दुर्ग**

**नोटिस**

राजस्व प्रकरण कंमांक अ/6 (अ) वर्ष 2023-2024

प्रति,
सुनीता यादव ध.प. नरेश यादव पता- एल.आई.जी.594-595 औधोगिक क्षेत्र भिलाई

आवेदक अशोक प्रसाद आ. स्व. कन्हैया प्रसाद साकिन वार्ड नं. 14 कैलाश नगर भिलाई द्वारा ग्राम. कुरूद प.ह.नं. 46, रा.नि.मं. कोहका, स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1590/1 रकबा 0.12 हे.को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 24/06/1980 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामान्तरण हो गया था, परन्तु अभिलेख में आपका नाम दर्ज हो गया है, जिसे सुधार किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है । जिस पर आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 15/7/2024 नियत किया गया है । उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होनें पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा । जारी दिनांक 28/6/2024

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्रं. / ई-कोर्ट रजि.नं. 202406100400334, अ-2/2023-24,
पक्षकार का नाम - श्री गौरव अग्रवाल

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती श्री गौरव अग्रवाल आ० श्री राजेन्द्र अग्रवाल, निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

**अनुसूची-**

ग्राम / प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है-ग्राम- अण्डा प.ह.नं. 32 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा नम्बर-1388/2, रकबा (क्षेत्रफल)-2.00 हे., प्रयोजन-औद्योगिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### बच्चों का मुंह मीठा कराकर मनाया प्रवेशोत्सव

**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एंव प्राथमिक शाला अछोटी के सयुंक्त तत्वावधान में कक्षा पहिली एवं छठवीं के नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम सरपंच घनश्याम दिल्लीवार ने बच्चों और पालकों को विद्यालय एवं शिक्षा के महत्व को बताया। साथ ही शाला के प्रधान पाठक राधेलाल चन्द्राकर ने पालकों को बच्चों की पढाई की जिम्मेदारी के साथ शाला गतिविधियों में भी उनके सहभागिता एवं सहयोग की अपेक्षा की। इस कार्यक्रम में समस्त शाला स्टाफ, बच्चे , शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं बडी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

### ठेठवार यादव समाज के छबिलाल बने अध्यक्ष



**धमधा।** ठेठवार यादव समाज धमधा पार का चुनाव रविवार को डंगनिया ग्राम के सामाजिक भवन मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा कृष्ण भगवान के चित्र पर माल्यार्पण एवम पूजा अर्चना कर किया गया। ततपश्चात पूर्व अध्यक्ष मुकुल यादव ने अपने कार्यकाल का आय-व्यय का विवरण दिया। फिर क्रमशः पार अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए नाम मांगा गया जिसमें अध्यक्ष के लिए छबि राम यादव, सचिव के लिए कुलेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष के लिए जितेंद्र यादव का निर्विरोध चयन किया गया। इस अवसर पर यादव समाज के संरक्षक गनेश यादव, पूर्व राज अध्यक्ष रमन लाल यादव, बलदाऊ यादव, चंद्रेश यादव आदि उपस्थित थे।

## निधन

### अनुछाया साहू

**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 7 डी, सड़क- 34, सेक्टर-10, भिलाई,



निवासी अनुछाया साहू, उम्र 84 वर्ष का निधन 30 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 जुलाई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व बीएसपी कर्मी एवं श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 के उपाध्यक्ष रवीन्द्र साहू की मां थीं।

### माया कश्यप

**भिलाई।** बीएसपी की रिटायर



शिक्षक माया कश्यप ( 60 वर्ष) का निधन रविवार हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रिंस मयंक की मां थीं।

### पदमनी सोनवानी

**सेलूद।** चुनकट्टा निवासी पद्मनी



सोनवानी उम्र 36 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 1 जुलाई को चुनकट्टा में किया गया। वे चुनकट्टा सरपंच भूषण सोनवानी की पत्नी थीं। उनके निधन पर सरपंच और पंचायत सचिव संघ ने शोक ब्यक्त की है।

# पहल: गांव में स्वच्छता बनाए रखने लोगों को बांटी गई डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

## मरणोपरांत देहदान करने वाले पति-पत्नी का सम्मान किया गया



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिसामा में मोदी की मन की बात सुनी गई। जिसमें पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात रेडियो कार्यक्रम भले ही कुछ महीनों के लिए बंद हो गया हो लेकिन मन की बात की भावना देश, समाज के लिए किया गया काम, हर दिन किया गया अच्छा काम, निःस्वार्थ भाव से किया गया काम जिसमें एक समाज पर सकारात्मक प्रभाव निरंतर जारी रहा। साथ में देशवासियों को भी को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना अटूट विश्वास दोहराया। पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी मां के कर्ज को कभी चुकाने सकते हैं मैं हर किसी के जीवन में अहम होती हैं इसलिए हम इस बारे में शुरुआत करें अपनी मां के नाम पेड़ लगाए। यह पार्क आदर्श उदाहरण है पीएम मोदी ने आगामी ओलंपिक पीएम मोदी ने आगामी ओलंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में अपने राष्ट्रीय कवि की 300वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 मशहूर कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया इनमें से एक प्रतिमा गुरु देव रविन्द्रनाथ टैगोर की थी। यह गुरुदेव का सम्मान है भारत का सम्मान है जून के महीने में दो कैरीबियाई देशों सूरीनाम और सेंट विसेंट और ग्रेंडाइंश ने 5 जून को पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी भारतीय विरासत का जश्न मनाया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया तथा दुकानदारों को गीला कचरा डिब्बा वितरण किया। ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक दुकान दार को डस्ट बिन दिया गया ताकि गांव में स्वच्छता बना रहे एवं मरणोपरांत देहदान करने वाले पति-पत्नी को ससम्मान किया गया। इस अवसर पर मिथलेश यादव, सुनीता यादव, मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, युवा मोर्चा महामंत्री डीलेश साहू, अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, लेखूदास सरपंच गीता महानंद, राजेन्द्र साहू, हेमूदास साहू, रामदास साहू, बैकुंठ महानंद, लुकेश, उमेन्द्र, दिवस, तेशुराम, पूर्णिमा, बुधारपाल, रेखराम आदि उपस्थित थे।

## भारतीय नागरिकों को न्याय व कानूनी सुरक्षा प्रदान करने बनाए गए नए कानून

# दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता: थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के थाना अंडा में भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता बीएनएस और अपराधिक प्रक्रिया संहिता की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस लागू हो गई है। तीसरा भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए हैं। कानूनी रूप से अब फरियादी किसी भी थाने में एफआईआर करा सकेंगे। साथ ही ई-एफआईआर भी कराई जा सकेगी। लेकिन फरियादी को तीन दिन में संबंधित थाने में पहुंचकर एफआईआर पर हस्ताक्षर करने होंगे। रविवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों ने नए कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान नायब तहसीलदार डीएस बिसेन व अधिवक्ता छन्नू लाल साहू मौजूद थे।

अंडा थाना प्रभारी डॉ.बीपी साव ने बताया कि सात साल से कम अवधि के अपराध के मामले में 14 दिन में जांच कर जरूरी हुआ तो एफआईआर की जाएगी। उन्होंने नए कानूनों की जानकारी दी। जिला लोक अभियोजक पुराना कानून 1860 का बना था। अब बदलकर भारतीय न्याय संहिता 2023 बन गई है। पुराने कानून में 511 थीं। अब 358 है। अधिवक्ता

## नवीन कानून की दी गई जानकारी



छन्नू लाल साहू ने नए कानूनों में हुए प्रावधानों के बारे में बताया। एएसआई तुलसी राम साहू ने बताया कि नए कानून में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषियों को फांसी की सजा तक दी जा सकती है। नाबालिग के साथ गैंगरेप करने को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है। राजद्रोह को अब अपराध नहीं माना जाएगा। इन नए कानून में मॉब लिंचिंग के दोषियों को भी सजा के प्रावधान हैं। जब 5 या उससे ज्यादा लोग जाति या समुदाय के आधार पर किसी की हत्या करते हैं तो उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। नए कानून में कम से कम सात साल की कैद की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच अब अनिवार्य हो गई है। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स अपराध वाली जगह से सबूतों को इकट्ठा और रिकॉर्ड करेंगे। भारतीय नागरिकों को न्याय प्रदान करने एवं कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाये गये हैं, सबके साथ सम्मान, व्यवहार, न्याय प्रदान, इलेक्ट्रानिक सबूत भी अब मान्य होंगे।

इस अवसर पर बैठक में अंडा सरपंच उमादेवी चन्द्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, रिसामा सरपंच गीता बैकुंट महानंद, जंजगिरी सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी, कुथरेल सरपंच प्रेरणा राजश्री प्रदीप चन्द्राकर, उप सरपंच लोमेश चंद्राकर, चिंगरी सरपंच पुष्पा देशमुख, आमटी सरपंच घनश्याम साहू, आलबरस सरपंच आशा देशमुख, निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर, तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख उपस्थित थे। साथ ही साथ ग्रामीण जन अजीत चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, अजय चौहान, पुकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर, पुकेश चन्द्राकर, बैकुंठ महानंद, जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, हेमकुमारी देशमुख, नन्द कुमार देशमुख, डीपी चंद्राकर, आरके योगी नन्द कुमार साहू , तेजराम चौहान सहित 19 गांव के सरपंच व जनप्रतिनिधि व सभी गांव के कोतवाल उपस्थित थे।

### नवीन कानून 2023 क्रियान्वयन का धमधा थाना में किया शुभारंभ

**धमधा।** भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य



संहिता 2023 कानून का शुभारंभ धमधा थाने में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धमधा तहसीलदार तारा सिंह खरे, थाना प्रभारी बीडी चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, राजीव गुप्ता, शासकीय महाविद्यालय धमधा के प्राचार्य जीडीएस बग्गा उपस्थित थे। वक्ताओं ने नए कानून में बहुत विसंगति बताते हुए नए कानून को लोगों के लिए अच्छा बताया। साथ ही लोगों को इस कानून को बारीकी से समझने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर चंद्रिका भट्ट, नरेश चंद्र साहू, आरुणि दानी, बृजेंद्र दानी, पीयूष ताम्रकार, मन्ना महोबिया, मोहन पटेल, दीपक चौहान, कुमार पटेल, धीरपाल सिंह पटेल, गैंद सिंह वर्मा, प्रीतम यादव, पुनऊ राम शहरिया, अरुण साहू, रजत नायक, देवनाथ सोनकर सहित कोटवार, मितानिन, स्वयं सेवक, पत्रकार गण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### कुगदा में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया



**सेलूद।** संकुल केंद्र कुगदा में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्राचार्य सोमेन कुंडू, संकुल समन्वयक कौशलेंद्र भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र पांडे डीएमसी, विवेक शर्मा एपीसी, शाला विकास समिति प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक की अध्यक्ष अनीता बांधे, दुलारी कौशल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष जगत राम यादव, माखन लाल कोसरिया एवं तीनों शालाओं के शिक्षक उपस्थित थे। सुरेन्द्र पांडे ने विद्यार्थियों से अपने बचपन को याद करते हुए स्कूल के प्रवेश के अनुभव को छत्तीसगढ़ी में साझा किए। विवेक शर्मा ने मोमबत्ती और अगरबत्ती की कहानी के माध्यम से बच्चों को अगरबत्ती की तरह समाज में खुशबू फैलाने को कहा। संकुल प्रभारी सोमेन कुंडू ने नियमित उपस्थिति और नियमित अध्ययन का आह्वान किया। संकुल समन्वयक कौशलेंद्र भारद्वाज ने अपने सपनों को सच करने शाला नियमित आने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी की ओर अध्यक्ष दुलारी कौशल ने सुरेन्द्र पांडे का ध्यान आकृष्ट करते हुए समस्या निवारण का निवेदन किया। पांडे ने बहुत जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### शाला प्रवेशोत्सव व नेवता भोजन का आयोजन



**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ममता बंजारे द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर, बच्चों को शासन द्वारा प्राप्त पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा चॉकलेट, बिस्कुट एवं कुंदन बंजारे द्वारा सभी बच्चों को मिठाई पोषक आहार के रूप में दी गई। शाला की प्रधान पाठिका दुलारी चंद्राकर के द्वारा न्योता भोजन के रूप में केला सभी बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम में पालक एसएमसी सदस्य कुंदन बंजारे, देवकुमारी, अंजनी यादव, ज्योति ठाकुर, दुलारी चंद्राकर, शारदा खेवार, तेशवरी साहू, साजिद खान, राजेश्वरी देशमुख, विद्या सिंह उपस्थित थे।

### बोरई स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत



**अंडा।** ग्राम बोरई में प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी स्कूली बच्चों को ग्राम सरपंच पदमा बाई साहू, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि एवं मंडल मंत्री ओमेश्वर यादव, स्कूल प्राचार्य, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामवासी जितेंद्र गुप्ता, अश्वनी साहू, ठवेंद्र यादव आदि उपस्थित होकर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर राजू यादव ने अपनी उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय आपको हमेशा नैतिकता व अनुशासन का पाठ पढ़ाएगा और अपने गुरुजनों का सम्मान करें। आज यहीं के विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर डीएसपी, पुलिस, आर्मी, डॉक्टर, मजिस्ट्रेट तो कोई शिक्षक आदि पदों से देश और राज्य को अपनी सेवाएं दे कर बोरई का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

## चिकित्सा दिवस पर डॉ. दानी का किया स्वागत, दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- दुर्ग में नवपदस्थ हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज

आम आदमी जिला दुर्ग टीम के द्वारा दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग मेहरबान सिंह के नेतृत्व में सोमवार को चिकित्सा दिवस के अवसर पर सभी साथियों के द्वारा दुर्ग में नए पदस्थ हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज दानी का बुके से स्वागत किया गया। उनके स्वागत करने वालों में सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉक्टर मेश्राम भी उपस्थित थे। इसके अलावा चिकित्सा दिवस के अवसर पर डॉक्टर अर्चना चौहान का भी आप प्रदेश महिला विंग सचिव के ज्योति के द्वारा पुष्प भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के मनीष मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, रऊफ अंसारी, डॉक्टर एसके अग्रवाल, मेहरबान सिंह, मुकेश नायक, संजय सिंह आदि उपस्थित होकर सभी ने चिकित्सा दिवस के अवसर पर देश के सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी।

# सेजस में ट्रेनिंग: शिक्षकों को नवा जतन और जादुई पिटारा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



- एफएलएन के लक्ष्यों को पूर्ण करने की गई चर्चा

सेजस जामगांव आर में निपुण भारत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आरके साहू और टिकेश्वर गजपाल ने एनईपी 2020, निपुण भारत, एनसीएफएफएस पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एफएलएन के अंतर्गत भाषा शिक्षण एवं गणित शिक्षण के चार ब्लॉक मॉडल, पढ़ाने के रणनीति समग्र शिक्षा से प्राप्त शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्य पुस्तक पर समझ, स्कूल रेडनेस, नवा जतन, पुस्तकालय, जादुई पिटारा एवं ई-जादुई पिटारा, बहुभाषा शिक्षण, मल्टी ग्रेड टीचिंग पर विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त संचालक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी शिक्षकों को विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बीआरसीसी पाटन खिलावन चोपडिया ने तीनों बैच के प्रशिक्षण में उपस्थित होकर योजना का लाभ बच्चों तक इम्प्लीमेंट करने के बारे में बताया। एसआर कुलेश्वर साहू ने भी एफएलएन के संबंध में जानकारी प्रदान की। सभी से फीडबैक लिया। एफएलएन के लक्ष्यों को पूर्ण करने को दिशा में सभी शिक्षकों में नई ऊर्जा का संचार किया। प्रशिक्षण में 17 संकुल से सभी शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें प्रमुख रूप से बलराम वर्मा, नीलम गोस्वामी, टिकेश्वर चंद्राकर, छन्नू लाल साहू, उमाशंकर कश्यप, पूनम साहू, दुलेश्वर प्रसाद टंडन, हिरेन्द्र कुमार ध्रुव, महेन्द्र कुमार मनहरे, दामिनी पैकरा, चनद्रिका ठाकुर, झम्मन लाल सोनवानी, चन्द्र कुमार सोनी, ममता चन्द्राकर, देवेन्द्र कुमार चन्द्राकर, राधा सूर्यवंशी, सत्यभामा, चेलाराम यादव, नेहा कुमार ठाकुर, सत्येन्द्र प्रसाद भगत, कमलेश कुमार यादव, टामन सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 3 तक




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय/ ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है, जिसके अंतर्गत ट्रेड-कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित है। बीएम आईटीआई की स्थापना वर्ष 2015 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग के लिए संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यार्थी प्रवेश के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बीएम आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में आकर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट- cgiti.cgstate.gov.in विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दी है।

## शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण चंदखुरी और जुनवानी में आयोजित

# भाषा व गणित पर शिक्षण कार्य को दे रहे बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



एससीईआरटी रायपुर के आदेशानुसार डाइट एवं डीईओ अरविंद कुमार मिश्रा, डीएमसी सुरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में दुर्ग विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण तीन चरणों में 4 दिवसीय प्रशिक्षण क्रमशः चंदखुरी एवं जुनवानी में संपन्न हुआ। बीआरसी श्रवण कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में एफएलएन संबंधी शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में प्राथमिक शालाओं में कार्यरत लगभग 500 शिक्षक, प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु निपुण भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एफएलएन, एनसीएफ एफएस 2022 पर शिक्षकों की बेहतर समझ 3 से 8 वर्ष के सभी बच्चों को गणित एवं भाषा में दक्ष करना जिसमें भाषा में बच्चों को समझ के साथ पढ़ना और लिखना, अपने दैनिक जीवन में गणितीय समस्याओं का समापन व लागू कर सकना। भाषा और गणित पर बेहतर समझ के साथ शिक्षण कार्य करने के लिए शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्य पुस्तकों को किस तरह से तीनों को जोड़ते हुए पढ़ाना है इस पर कार्य किया जा रहा है। कक्षा कक्ष को प्रिंट रिच बनाना, बच्चों को कक्षा में सहज वातावरण देना, गतिविधि आधारित कक्षा का संचालन और खेल-खेल में शिक्षण, प्रवाह पूर्ण पठान में दक्षता के लिए बच्चों को टाइमर के द्वारा आकलन किया जाना, बच्चों का ट्रैकर के माध्यम से उनके स्तर एवं समूह का निर्धारण किया जाना साथ ही नवा जतन के माध्यम से बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण दिया जाना। इसके अलावा जादुई पिटारा और इ जादुई पिटारा के संबंध में भी शिक्षकों की समझ विकसित किया गया। जिसके अंतर्गत जादुई पिटारा में बच्चों को ऑफलाइन माध्यम में बहुत ही सुंदर-सुंदर खिलौने, टीएलएम एवं पपेट आदि के माध्यम से पढ़ाई रुचिकर बनाया जा सकता है। ईजादुई पिटारा को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ जोड़ दिया गया है जिससे शिक्षक एवं बच्चे कोई भी गीत कविता कहानी या प्रश्नों के उत्तर आसानी से 1 मिनट के अंदर प्राप्त कर सकते हैं साथ ही मुस्कान पुस्तकालय के सफल संचालन व उपयोगिता पर चर्चा हुई। बच्चों में मौखिक भाषा विकास के लिए बहुत ही सुंदर-सुंदर गीत कविता का रोचक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से शिक्षकों को गतिविधियां कराई गई। ट्रेनिंग के दौरान सभी मास्टर ट्रेनर्स अरविंद बंजारे, पुरूषोत्तम सपहा, ऋषिकांत शुक्ला व सुमन प्रधान का शिक्षकों के बीच संवाद द्विपक्षीय रहा। जिससे कक्षा संचालन में आगत समस्याओं का समाधान हुआ।

# जेएलएन हास्पिटल की बर्न यूनिट में बच्चे को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल के बर्न यूनिट की टीम ने एक 4 साल के बच्चे को जीवनदान देकर एक और उपलब्धि प्राप्त की है। डाक्टरों व पैरामेडिकल के अथक चिकित्सकीय कौशल से बालक का सफल उपचार किया गया। इसके पूर्व भी बर्न यूनिट कई गंभीर मरीजों के लिए संजीवी साबित हुई है।

24 मार्च झारखण्ड के जमशेदपुर के 4 साल के बच्चे के साथ एक दर्दनाक घटना घटित हुई। इसमें गर्म तेल से उस बच्चे का चेस्ट बुरी तरह से जल गया। जिसके बाद तत्काल उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहाँ ढाई महीने तक चले लंबे इलाज के बाद भी बच्चे की स्थिति में कोई सुधार दिखाई ना देने पर माता–पिता हताश हो चुके थे। इन मुश्किल घड़ियों में लगभग 3 महीने बाद सेक्टर 9 स्थित पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में कार्यरत उनके एक रिश्तेदार ने सेक्टर 9 अस्पताल के बर्न यूनिट के बारे में उन्हें अवगत कराया और बताया कि यहां बर्निंग सम्बन्धी पीड़ितों का बेहतर इलाज होता है और इस अस्पताल की बर्न यूनिट बेस्ट है।

जानकारी मिलते ही माता–पिता अपने पीड़ित बच्चे को लेकर 16 जून को सेक्टर 9 जेएलएन अस्पताल पहुंचे और बच्चे को भर्ती कराया। जहाँ तत्काल प्रभाव से उस बच्चे का इलाज शुरू किया गया। सभी आवश्यक जाँच के बाद 22 जून 2024 को किया गया अपरेशन पूर्णता सफल हुआ। ड उदय और उनकी टीम ने बच्चे की जले हुए स्थान की स्किन पर बच्चे की ही स्किन से ग्राफ्टिंग की जो कि सफल रही। जेएलएन अस्पताल में इलाज के बाद अब सभी तकलीफों से मरीज और उसके परिवार को निजात मिल गई है। बच्चे को 26 जून 2024 को डिस्चार्ज कर दिया गया है। बच्चा अब पूरी तरह से स्वस्थ हो चुका है।

## 4 साल के बच्चे का किया सफल स्किन ग्राफ्टिंग

### टीम वर्क से मिली कामयाबी

बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय के बर्न यूनिट में यह काम 10 दिन में ही सफलतापूर्वक किया गया। एडवांस बर्न केयर डिपार्टमेंट में अच्छा इलाज होने से मरीज के माता–पिता काफी खुश हैं। माता–पिता ने बच्चे के इलाज में उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए बीएसपी सेक्टर 9 अस्पताल के साथ एसीएमओ डां. उदय और बर्न यूनिट टीम की सराहना की एवं उनका आभार व्यक्त किया। डां. विनीता द्विवेदी मार्गदर्शन में एनेस्थीसिया की टीम ने मरीज बच्चे को जनरल एनेस्थीसिया देकर आपरेशन करने में मदद की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां प्रमोद बिनायके ने इलाज के दौरान सतत निरिक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर द्वारा बच्चे को खिलौने भेंट किया गया।





**विश्वास बढ़ा मरीजों का**

डां उदय के साथ डांक्टरो का कहना है कि प्रदेश के साथ साथ दूसरे प्रदेश के मरीजों का भी हमारे संस्थान और विभाग के प्रति विश्वास बढ़ रहा है।हम नहीं, जेएलएन हास्पिटल का योगदान है। ऐसे केस का आना और उनको सफल करना। हस्पिटल के प्रति लोगों के बढते विश्वास का सूचक है। इस विश्वास को कायम रखने के लिए जेएलएन हास्पिटल के समर्पित डांक्टरों की टीम हमेशा प्रयासरत रही है और भविष्य में भी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### ईडी समीर स्वरूप और सीजीएम सुधीर कुमार को दी विदाई

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप और मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार के सेवानिवृत्ति पर, भिलाई क्लब में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्हें, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री दासगुप्ता ने समीर स्वरूप और श्री सुधीर कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ईडी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. एम रविन्द्रनाथ सहित सेवानिवृत्त समीर स्वरूप और सुधीर कुमार अपने परिवार के साथ उपस्थित थे।श्री दासगुप्ता ने दोनों रिटायर अधिकारियों के योगदान को सराहनीय बताते हुए धन्यवाद दिया। श्री स्वरूप और सुधीर कुमार ने सेल और बीएसपी में सेवाकाल के अनुभव और भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

## उन्नत वेइंग तकनीक को एकीकृत करने से होगा फायदा

# बीएसपी के एसएमएस 3 के सीवी कास्टर में आंतरिक संसाधनों के माध्यम से ब्लूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–3 में आंतरिक संसाधनों के माध्यम से स्थापित ब्लूम वजन सिस्टम का उद्घाटन को मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एसके गजभिये, मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष ए बी श्रीनिवास राहुल श्रीवास्तव, मधु पिल्लई तथा महाप्रबंधक व नीलकंठ साहू की उपस्थिति में किया गया।

सीवी 1 ब्लूम कम बिलेट कास्टर में स्थापित ब्लूम वेइंग सिस्टम वास्तविक–समय डेटा ट्रांसमिशन के साथ उन्नत वेइंग तकनीक को एकीकृत करता है, जिससे तत्काल प्रतिक्रिया और सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकती है। नई ब्लूम वेइंग प्रणाली का कार्यान्वयन एसएमएस–3 के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उत्पादन प्रक्रिया पर बेहतर नियंत्रण और उच्च व कड़े गुणवत्ता मानकों की ब्लूम आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित होगी। कास्टर कन्वेंयेंस सिस्टम में एकी–त लोड सेल के माध्यम से ब्लूम कास्टर से जब बाहर निकलता है तो यह सिस्टम प्रत्येक ब्लूम का सटीक वजन मापता है। यहां से डेटा तुरंत कंट्रोल रूम में प्रेषित किया जाता है, जिससे आपरेटर वजन की निगरानी कर, नियत समय में आवश्यक समायोजन कर सकते हैं।

### डेटा का तत्काल कंट्रोल रूम में भेजता है



### ब्लूम वेइंग का सफल परीक्षण

कास्टर के प्रत्येक स्ट्रैंड से ब्लूम वेइंग के लिए सफल परीक्षण किया गया। यह सिस्टम अब स्टील मेल्टिंग शॉप–3 को रियल टाइम में ब्लूम के वजन का सटीक माप दे पाएगा जिससे एमएसमएस–3, ब्लूम्स में त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई जैसे लंबाई में कटौती आदि करने में सक्षम होगा। इस सिस्टम के सफल कार्यान्वयन से एसएमएस–3, यूआरएम को सही वजन और आयामों के साथ ब्लूम का प्रेषण सुनिश्चित कर सकेगा।

### ब्लूम वजन से मिलेगी सुविधा

इससे पूर्व एसएमएस–3 में ब्लूम वजन करने की सुविधा नहीं थी। ब्लूम के वजन के लिए मिल पूरी तरह यूनिवर्सल रेल मिल पर निर्भर थी। विभिन्न परिचालन कारकों के कारण, सीवी 1 कास्टर में डाले गए ब्लूम के आयाम में उतार–चढ़ाव होता है, जिससे उनका वजन प्रभावित होता है। इन ब्लूम्स को रेल में रोल करने हेतु यूनिवर्सल रेल मिल में भेजा जाता है और इसलिए रोलिंग से पहले हीट ट्रीटमेंट प्रक्रिया के लिए यूआरएम की रीहीटिंग फनेर्सों में फीड करते समय ब्लूम्स की विशिष्ट आयाम और वजन मानदंडों को पूरा करना आवश्यक होता है। समस्या को हल करने के लिए एसएमएस–3 टीम ने आंतरिक संसाधनों से ब्लूम वेइंग सिस्टम स्थापित करने के लिए कार्य प्रारंभ किया। एसएमएस–3 के प्रबंधक द्वय श्री लोकेश मोगरे और श्री अभिषेक झा ने एजीएम, इंजीनियरिंग डिजाइन एंड डेवलपमेंट डीआर सोनार, डीजीएम टीडी जानसन तथा एजीएम आशुतोष शुक्ला के साथ मिलकर उप प्रबंधक संजय नंदी और बी एस चंदेल से आवश्यक इनपुट लेकर लेआउट बनाने में वरिष्ठ प्रबंधक एम एस बघेल का योगदान रहा। स्थापना के बाद सिस्टम को कठोर परीक्षण प्रक्रिया से गुजारा गया, जिसके अंतर्गत 8 मई 2024 को पहला वेइंग ट्रायल किया गया। इसके पश्चात सिस्टम को ज्ञात वजन के ब्लूम का उपयोग करके कैलिब्रेट किया गया तथा लोड सेल पर ब्लूम के समायोजन के लिए ड्राइंग को संशोधित कर सिस्टम को फिर से स्थापित किया गया।

# डेंगू की रोकथाम के लिए टाउनशिप में अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में मच्छरों के प्रकोप को कम करने और डेंगू, मलेरिया की रोकथाम को सुनिश्चित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां की जा चुकी हैं। विभिन्न सेक्टरों में पोर्टेबल फागिंग, वाटर फागिंग, आयलिंग, घरों में टेमीफास का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी किया जा रहा है। टाउनशिप में डेंगू फैलने की आशंका के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। बीएसपी का जन स्वास्थ्य विभाग, जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग के साथ मिलकर उनके प्रशिक्षित कर्मचारियों के सहयोग से घर–घर से सर्वेक्षण अभियान के साथ–साथ डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु दवाइयों के वितरण और स्प्रे आदि का कार्य पिछले माह से प्रारम्भ किया जा चूका है। इसी कड़ी में डेंगू से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेने हेतु सुबह देवेश कुमार ध्रुव, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय पहुँचे। जहाँ, भिलाई नगर निगम आयुक देवेश धुरव ने डेंगू प्रतिरक्षण कार्यक्रम एवं बैक लेन सफाई का जायजा लेते हुए, बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग अधिकारियों के साथ टाउनशिप का सघन दौरा कियापीएचडी के अधिकारियों के साथ भिलाई नगर निगम आयुक्त श्री देवेश धुरवे ने सेक्टर 4 एवं सेक्टर 1 में डेंगू प्रतिरक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया।

■ आयुक्त ने किया निरीक्षण

### नागरिकों से अपील

आयुक्त ने बीएसपी द्वारा डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु किये गए कार्यों एवं प्रयासों पर संतोष जताया। बीएसपी का जन स्वास्थय विभाग ने नागरिकों से वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपायों जैसे प्रति सप्ताह पानी की टंकियों को खाली करना, खाली बर्तन, पुराने टायरों तथा कबाड आदि में पानी का जमाव न होने देने की अपील की है।

# कार्यपालकों और गैर-कार्यपालकों की सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जून में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों एवं गैर कार्यपालकों की विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कुल 213 कर्मचारी, जिनमें 18 कार्यपालक एवं खदान सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे 195 गैर कार्यपालक सेवानिवृत्त हुए। अधिकारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता व कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति आदेश और प्रमाण पत्र सौंपे गये।

इस अवसर पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को विदाई दी और उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की। श्री दासगुप्ता ने अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों ने सेल में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को भी साझा किया। सयंत्र के गैर कार्यपालक कार्मिकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी द्वारा यूनियन प्रतिनिधियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संयंत्र के सदस्यों के योगदान को रेखांकित किया और सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

## सुबह मंडी पहुंचने किसानों को हो रही परेशानी, समय बदलने मांग

**भिलाई।** दुर्ग कृषि मंडी में अपने उत्पाद बेचने के लिए किसानों को लंबे समय से रतजगा करना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी इस समस्या का निराकरण लंबे समय से नहीं हो पाया है। इसे लेकर भाजपा के पदादिकारी गृहमंत्री विजय शर्मा और मंत्री केदार कश्यप से मिले। उन्होंने वस्तु स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसानों को रात में आकर मंडी में इंतजार करना पड़ता है। सुबह 4 बजे से मंडी शुरू हो जाती है। इसके अलावा लौटते समय पुलिस द्वारा उन्हें परेशान किया जाता है। इसलिए मंडी के समय में परिवर्तन किया जाए। उसे सुबह 4 बजे के बजाए सुबह 6 बजे से शुरू किया जाए। भाजपा मंत्री आशीष निमजे और भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी भास्कर तिवारी ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केबिनेट मंत्री केदार कश्यप से भेंट की। साथ ही जिले में बढ़ते अपराधों की स्थिति से भी अवगत कराया। इस पर मंत्रियों द्वारा तत्काल कलेक्टर को व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए आदेशित किया गया।



# टाउनशिप के सिवरेज व पाइप लाइन का हो संधारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप की बुनियादी समस्याओ को लेकर भिलाई निगम भिलाई के पार्षदों के प्रतिनिधिमण्डल नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी विजय शर्मा से नगर सेवा भवन में मिलकर ज्ञापन सौंपा । जीएम ने निदान का भरोसा दिलया।

ज्ञापन मेंसभी सेक्टरों के बैक लाइनऔर खरपतवार की सफाई, बिजली लाइन के नीचे के पेड़ों के शाखाओं की छटाई ,क्षतिग्रस्त सिवरेज पाइप लाइन व पीने के पानी के पाइप लाइन का संधारण की मांग की। पार्षदों ने बरसात के मौसम में सिवरेज लाइन का जाम होने, , बार बार विद्युत सप्लाई मे अवरोध, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था ,ठेले खोमचे वालों, मवेशियों के कारण मुख्य मार्ग एवं मार्केट एरिया में आवागमन मे बाधा दूर करने औरआवारा कुत्तों का बधियाकरण की मांग व सड़कों के गड्ठों का संधारण की मांग की गई। सभी समस्याओ को तत्काल दूर करना जन हित मे आवश्यक है,महाप्रबंधक प्रभारी ने उपस्थित सम्बंधित अधिकारियो को निर्देशित किया की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द कदम उठाए जाएं। बैठक में निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी, जोन प्रभारी राजेश चौधरी, पार्षद अभय सोनी, सुरेश वर्मा, उमेश साहू, मालती ठाकुर, सेवन कुमार, कोमल दास टंडन, महाप्रबंधक विद्युत दिनेश कुमार, उद्यानिकी विभाग के डीजीएम डाक्टर एनके जैन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के उपमहप्रबंधक डीसी सिंह, सहायक महाप्रबंधक आरके गर्ग उपस्थित थे।

■ पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने जीएम शर्मा को सौंपा ज्ञापन

## नेवई थाने में किया तीन नए परिवर्तित कानून का शुभारंभ

# नए कानून से मिलेगा फरियादियों को न्यायः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत थाना नेवई में आयोजित तीन नये परिवर्तित कानून के शुभांरभ मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने कहा कि रविवार रात बारह बजे से यानी एक जुलाई की तारीख शुरू होने के बाद घटित हुए सभी अपराध नये कानून में दर्ज किये जाएंगे। एक जुलाई से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो रहा है । एक जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआइआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है।

### महिलाओं और बच्चों के लिए नए प्रावधान

विधायक चंद्राकर ने कहा कि नाबालिक बच्चों के रेप से संबंधित मामले को पॉस्को के अनुरूप बनाया गया है। आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रवधान किया गया है । गेंगरेप के सभी मामलों में 20 साल की कैद या आजीवन कारावास का प्रावधान है। धोखाधड़ी से यौन संबंध बनाने या बिना शादी का इरादा रखे वादा करने वाले व्यक्तियों के लिए लक्षित दंड का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न के मामले में अब बयानों की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य होगा।




### महिलाओं के लिए ई एफआईआर

इस अवसर पर नेवई थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि नये कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे। आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान हुआ है। शिकायत, सम्मन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। अगर कानून में तय समय सीमा को ठीक उसी मंशा से लागू किया गया जैसा कि कानून लाने का उद्देश्य है तो निश्चय ही नये कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर रिसाली नगर निगम महापौर शशी सिन्हा, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, रिसाली कॉलेज प्राचार्य श्रीमति डा नाग ,रत्ना गणवीर, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, समाज सेवी अमृत देवांगन, शंकर यादव, सोनू राम सिंग, सभापति केशव बंछोर, पार्षद मनीष यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, भूपेन्द्र बेलचंदन,अनुपम डे, आशपुरन चौधरी,अजीत चौधरी, रंगबहूदुर, मोहन बड़े, नागेन्द्र पांडे, मुन्नटून चौबे, परमेश्वर शर्मा, अनुपम साहू, विकास कुलश्रेष्ठ, शंकर लाल यादव, ममता शर्मा,अनुपमा गोस्वामी, संध्या वर्मा, कंचन सिंग , मोनू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# 108 एम्बुलेंस में गर्भवती ने बेटी को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

108 संजीवनी एक्सप्रेस स्टाफ की सूझबूझ से गर्भवती महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। सोमवार की सुबह 9 बजे ग्राम भानपुरी ( अंडा) निवासी प्रीति देशमुख उम्र 30 वर्ष ,पति बबलू देशमुख को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने डायल 108 के माध्यम से सूचना दी। सूचना मिलते ही ईएमटी भुनेश्वरी देशमुख और पायलट लिवेन्द्र कुमार तुरन्त घर पहुंचे। घर से आगे निकलते ही 3 किलोमीटर दूर ग्राम कोडिया के पास गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा अत्याधिक बढ़ गई। पायलट लिवेन्द्र ने गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ी की।



इसके पश्चात ईएमटी भुनेश्वरी ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर संजय सिन्हा से संपर्क साधा और उनके सलाहनुसार प्रसव प्रक्रिया परिजनों के सहमति उपरांत शुरू की। कुछ देर बाद प्रीति ने बेटी को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव बाद मां और बेटी को पीएचसी हनोदा में भर्ती कराया गया।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129



पेश से शिक्षक रहीं और प्रिंसपल बनकर सेवानिवृत्त हुईं बोरसी भाठा निवासी डॉ. विद्या नायडू ने अपने फूलों से प्रेम और बागवानी के शौक को एक रोल मॉडल की तरह पेश किया है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद यानी अक्टूबर 2014 के बाद से अब तक बिना रुके हर दिन 5 से 6 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद एक फूलवारी तैयार की है। यह फूलवारी ऐसी-वैसी नहीं हैं, यहां 1200 से ज्यादा फूल और दुर्लभ पेड़-पौधें हैं। उनका दावा है कि ये पौधे और फूल आपको ट्विनसिटी में और कहीं देखने को नहीं मिलेंगे। उन्होंने एक-एक फूल और पौधे को हाथों से सींचा है। इतना ही नहीं कुछ दुर्लभ पौधों को उन्होंने ऑनलाइन मंगाया। कई जगहों पर खुद पहुंचकर पौधे खरीदकर लाईं।

● शासकीय सेवा से रिटायर होने के बाद बोरसी निवासी डॉ. विद्या नायडू ने कड़ी मेहनत से संवारा

# घर को ही बनाई फुलवारी, छत और आंगन को 1200 से ज्यादा फूल व फलदार पौधों से सजाया

**भिलाई।** आज छत और आंगन पूरी तरह से इन फूलों से आच्छादित हैं। आज उनकी इस बागवानी और फुलवारी की चर्चा पूरे दुर्ग शहर में हो रही है। आसपास के लोग इस बागवानी को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। डॉ. नायडू अपने घर तक ही सीमित नहीं हैं, उन्होंने अपने घर के आसपास तालाब के किनारे भी फलदार पौधे लगाए हैं। उन्होंने बरगत, बेल, पीपल और नीम के प्लांटेशन को लेकर अभियान चला रखा है। उनका मानना है कि ये चार पेड़ ऐसे हैं, जो ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड लेकर ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे भी इन पौधों को ज्यादा से ज्यादा लगाएं, ताकि आने वाले समय में वे पेड़ बनकर हम सभी को स्वच्छ वायु दे।



### गनियारी हायर सेकंडरी स्कूल से सेवानिवृत्त हुईं डॉ. नायडू



डॉ. नायडू ने एजुकेशन डिपार्टमेंट में रहते हुए भी अपने शौक को कभी मरने नहीं दिया। सुबह वे बागवानी करती हैं, इसके बाद ड्यूटी कर शाम को पुनः अपनी फूलवारी को सजाने जुट जातीं। पिछले करीब 10 सालों से उन्होंने अपने एक शौक को जुनून का रूप दे दिया है। वे लगातार इस काम को कर रही हैं। डॉ. नायडू हायर सेकंडरी स्कूल गनियारी पाटन से रिटायर हुईं। वे जेआरडी स्कूल में भी सेवारत रहीं है। प्राणी विज्ञान से एमएससी करने के बाद उन्होंने एमएड और पीएचडी किया। 1978 में उन्होंने शिक्षा विभाग में नौकरी शुरू की। 2014 में वे सेवानिवृत्त हुईं। आज वे अपने बच्चों की तरह इन पेड़-पौधों का जतन कर रही हैं। उनका मानना है कि इन पेड़-पौधों में भी जान होती है, इससे हम सभी को समझने की जरुरत है।

### इन दुर्लभ प्रजातियों के पौधों और फूलों से आच्छादित है फुलवारी

डॉ. नाडयू के इस तरकश में पौधों और फूलों की कई दुर्लभ प्रजातियां हैं। ये इतनी अधिक संख्या में हैं कि अच्छे-अच्छे जानकारी भी इनका नाम नहीं जानते हैं। इनमें सामान्य फूल और पौधे भी हैं। फलों और सब्जियों के पौधे और फल भी उपलब्ध हैं, लेकिन फूल सबसे ज्यादा हैं। इन फूलों में मेरीगोल्ड, गाजानिश, डायन्थस, बेगोनिस, गेरेनियम, गोमफेरेनस, गैल्लार्डियस, जिनीस, कॉसमस, रजनीगंधा, रेन लिली, नाइट क्वीन, कुंदा, मधुकामिनी, टेबल कामिनी, अस्तर, चंदनी, हिबिकस, मोगरा, परिजात, चंपा, क्रॉसेंद्रा, कनकमब्राम, स्नैप ड्रेगन, ग्लाडिलो, डे लीलीस, सलवीस, सिलिकस, क्लेमटिस, सनफ्लावर, बेबे सनफ्लावर, ब्लू डाजे, स्वरम चंपा, केनन लीलीस, अपराजिता ब्लू, वाइट सिंगल, अपराजिता डब्ल ब्लू, नाइन ओ क्लॉक, पोरर्चुलेस, मधुमति, ओरेंस वाइन सहित अन्य शामिल हैं।

### बरगत, बेल और मिनी प्लांट के बोनसई भी

डॉ. नायडू के इस बगीचे में बरगत और बेल को बोनसई भी आच्छादित हैं। मिनी प्लांट के पौधों की वैराइटियों की भरमार है। एडनियम जैसे फ्लावर की 25 से ज्यादा वैराइटी मौजूद है। डॉ. नायडू का कहना है कि उनकी इस बागवानी को उन्होंने अपने बच्चों की तरह तैयार किया है। वे लोगों की डिमांड पर लोगों को देती हैं, वह भी तभी जब वे इन पौधों को सहेजने का संकल्प लें। उनकी परवरिश करें। उनकी बागवानी कोई भी आकर देख सकता है। उनके पास 1200 से ज्यादा गमले हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने आसपास बहुत सारे पेड़ भी लगाए हैं।

लाइव इवेंट

## पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित, मनीत अध्यक्ष बने



**भिलाई।** श्री दिगंबर जैन सभा नेहरू नगर की कार्यकारिणी निर्विरोध घोषित की गई। समिति आगामी 3 वर्षों तक मंदिर और भवन की सुगम और सुचारु व्यवस्था के लिए काम करेगी। दिगंबर जैन सभा का अध्यक्ष मनीत जैन को बनाया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष रमेशचंद्र नाहर, मंत्री सीए क्षितिज जैन को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन आपसी सहमति से किया गया। इसे लेकर समिति सदस्यों की बैठक हुई। इससे पहले आचार्य विद्यासागर के संयम दिवस पर पत्र-पत्रिकाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके बाद नए पदाधिकारियों के निर्वाचन के साथ उन्हें शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समिति के संरक्षक अरविन्द जैन, आईएम जैन, शांतिस्वरूप जैन, राजकुमार जैन, अशोक पहाड़िया, महावीर पाटनी, चेलना जैन, अंजलि जैन प्रमुख रूप से मौजूद थे।

■ श्री दिगंबर जैन सभा नेहरूनगर की कार्यकारिणी तीन वर्षों के लिए तय

### पदाधिकारियों ने ली गोपनीयता की शपथ

बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रमुख रूप से उपमंत्री सचिन जैन, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, उपकोषाध्यक्ष आनंद जैन, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भगचंद पाटनी, जितेंद्र जैन, संदीप जैन, मनोज जैन, अतुल जैन, सीए अनिल जैन, रोमिल जैन, राकेश गंगवाल, हर्षित जैन, पूजन व्यवस्था प्रभारी के रूप में अजित जैन, रविंद्र कासलीवाल, मुनि संघ सेवा समिति के प्रभारी के रूप में भरत गोधा, रविंद्र सिंघई, प्रचार प्रसार प्रभारी के रूप में अनेकान्त जैन, नागेंद्र मोहन जैन को शपथ दिलाई गई।

### पूर्व कार्यकाल के कामों पर भी प्रकाश डाला

इस अवसर पर पूर्व मंत्री जितेंद्र जैन ने पूर्व कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरके दोषी के अमेरिका प्रवास पर होने के कारण उनकी सुपुत्री राशि बाकलीवाल ने अध्यक्षीय संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी के लिए तेजकरण जैन और 7 दिवसीय योग शिविर की संचालिका डॉ. गुंजलता शाह को सम्मानित किया गया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल श्रीफल देकर दी गई विदाई

**भिलाई।** भिलाई इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन बीईसी के दो कर्मचारियों टीजी नायडु और शिवकुमार साहू की सेवानिवृत्ति पर कंपनी के वर्कशॉप में आयोजित समारोह में उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें घड़ी, श्रीफल, शॉल तथा पुष्पहार देकर सम्मानित भी किया गया। नायडु 39 वर्षों की सेवा के बाद बोरिंग ऑपरेटर पद तथा साहू 42 वर्षों की सेवा के बाद वर्टिकल ऑपरेटर पद से रिटायर हुए हैं। विदाई देने वालों में मशीन शॉप मैनेजर तेजराम सिन्हा, मानव संसाधन विभाग के ऋषि दीक्षित, मेंटेनेंस विभाग केपी वेंकटेश्वर राव, कर्मचारियों में ए रामाराव, फुलेंदर सिंह, वेद उपाध्याय, एमके बिजू, शिवराज, कृष्णा यादव, डिल्लेश्वर राव, जयराम आदि शामिल हुए। यह आयोजन सहकर्मियों दवरा आयोजित किया गया था। जहां उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी गई।



सिटी इवेंट

## प्रवेशोत्सवः बच्चों को डेली नोट्स और होमवर्क के टिप्स दिए



**भिलाई।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ढौर (नवातरिया) में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर बच्चों को किताबों का भी वितरण किया गया।पालक समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने कहा कि बेहतर कल के लिए बच्चों को डेली होमवर्क करना चाहिए। नोट्स तैयार करना चाहिए। इससे उनकी बुद्धिमता बढ़ी है। उन्होंने शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। स्कूल में शिक्षा के बेहतर इंतजाम और शिक्षकों को बेहतर शिक्षा दिए जाने की अपील भी की। इस अवसर पर पूर्णिमा विश्वकर्मा, प्राचार्य वल्शा जॉन, प्रकाश वर्मा, चैलेंद्र साहू, डॉ. दुलारी चन्द्राकर, मीनाक्षी वर्मा, लूमेश्वरी साहू, अरुणा वैष्णव, सविता श्रीवास्तव, प्रीति प्रधान, नन्दिता प्रसन्नो सहित अन्य मौजूद थे। प्राचार्य वलशा जॉन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग मे परिश्रम के साथ बेहतर स्वास्थ्य और संस्कार की जरूरी है। स्कूल की तमाम गतिविधियों से माता-पिता को अवगत कराने का भरोसा दिलाया। मंच संचालन डॉ. दुलारी चन्द्राकर ने किया।

■ हायर सेकंडरी स्कूल नवातरिया ढौर में आयोजन, किताबें भी बांटी

## छोटे बच्चों को डायरिया के प्रकोप से बचाने दो महीने चलेगा अभियान

### कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कैम्पेन की शुरुआत की

**दुर्ग।** बारिश के दिनों में उल्टी-दस्त और डायरिया के संभावित खतरे से निपटने अगले दो महीने अभियान चलेगा। हेल्थ विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। विशेष रूप से छोटे बच्चों की देखरेख के उपाय बताए जाएंगे।

हेल्थ विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बारिश के दिनों में उल्टी-दस्त की वजह से कई बच्चों की असमय मौत हो जाती है। इसे रोकने के उद्देश्य से अभियान चलाया जाना तय किया गया है। सोमवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, डीपीएम संदीप ताम्रकार सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### शून्य से 5 साल तक के बच्चों की निगरानी की मुहिम

हेल्थ विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों में दस्त रोग से होने वाली मौतों की दर को शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों वाले समस्त घरों में मितानिनों के माध्यम से ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां बांटेंगे। कलेक्टर लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं। उन्होंने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां वितरित की।

## स्वच्छता दीदी बना रहीं कचरे से खाद

**दुर्ग।** शहर में उठने वाले कचरे से स्वच्छता दीदियां खाद बना रही हैं। डोरटूडोर कूड़ा उठाव को लेकर शहर में जगहों पर कूड़ा को जीरो वेस्ट में छोड़ा जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्रतिदिन डोरटूडोर कलेक्शन से प्राप्त गीले कचरे से स्वच्छता दीदियों द्वारा जैविक खाद बनाया रहा जा है। कचरे को रिसाइकल किया जा रहा है। मल्टी लेयर प्लास्टिक को बेलिंग मशीन द्वारा बेल कर जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट को विक्रय किया जाता है। इसका उपयोग सीमेंट बनाने में किया जा रहा है।

देवांगन जन कल्याण समिति का आयोजन, सामाजिक बैठक में अहम निर्णय

## मानसून के स्वागत में संगीत संध्या, प्रतिभावान सम्मानित

कार्नर न्यूज

देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी, विभाग प्रभारियों, सलाहकारों, संरक्षकों, महिलाओं एवं युवाओं की संयुक्त बैठक परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में संपन्न हुई। बैठक में समाज हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्वागत मानसून सांस्कृतिक संध्या का रंगारंग आयोजन किया गया।



### संगीत संध्या कार्यक्रम में समाज के युवाओं ने दी प्रस्तुति

मानसून के स्वागत में आयोजित स्वागत मानसून सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन के नेतृत्व में गायक और गायिकाओं ने सुमधुर एकल एवं युगल गीत प्रस्तुत किया। गीत प्रस्तुत करने वालों में गजेन्द्र देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, रामगोपाल देवांगन, राजू देवांगन, लक्ष्मीनाथ देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, त्रिलोक देवांगन, शांतिलाल देवांगन, होमलाल देवांगन, हरीश देवांगन, प्रकाश देवांगन, सरिता देवांगन, चंद्रप्रभा देवांगन, युक्ति देवांगन, विनीता देवांगन, सारिका देवांगन शामिल रहे। इस अवसर पर समाज के विनोद कुमार, गजेन्द्र देवांगन, त्रिलोक देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।


### समाज की रचनात्मक गतिविधियों की प्रशंसा

समारोह को प्रेमचंद देवांगन ने कहा कि देवांगन जन कल्याण समिति की रचनात्मक गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को समाज के विकास हेतु एकजुट होकर आगे आकर सहयोग करना चाहिए। समाज में अनुशासनहीनता नहीं होनी चाहिए। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पुरस्कृत होने वालों में सुमन देवांगन, विनीता देवेन्द्र देवांगन, सरिता देवांगन, विनीता सुनील देवांगन, आर्यन देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, सूर्यांश देवांगन, आयुष देवांगन, लक्ष्य देवांगन, दिशा देवांगन एवं शिवांग देवांगन शामिल थे। समाज के गायक-गायिकाओं ने मानसून पर केंद्रित गीत प्रस्तुत कर समा बांधा। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक प्रतिनिधि एवं एड्वोकेट प्रेमचंद देवांगन, डॉ. सूर्य मंगल देवांगन, रामानंद देवांगन, राजेन्द्र लिमजे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बैठक एवं समारोह की अध्यक्षता की।

## सिटी इवेंट

# वेबिनार: सर्पदंश में 'प्रा. चिकित्सा व आपातकालीन प्रबंधन' चर्चा

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के फॉरेंसिक साइंस विभाग के तत्वावधान में वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का शीर्षक 'सर्पदंश में प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन प्रबंधन' था। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. हेमराज भियोगड़े, विभागाध्यक्ष अगदतंत्र विभाग, भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय दुर्ग ने मुख्य वक्तव्य दिया। डॉ. भियोगड़े ने बताया कि भारत में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां हैं, इनमें से केवल 15 जहरीले हैं। इन 15 प्रजातियों में से केवल चार- कोबरा, रसेल वाइपर, करैत और सॉ स्केल्ड वाइपर लगभग 98 प्रतिशत मौतों का कारण हैं। जहरीले सांप काटने से लकवा हो सकता है जो सांस लेने से रोक सकता है, रक्तस्राव विकार जो घातक रक्तस्राव, अपरिवर्तनीय किडनी फेल और ऊतक क्षति का कारण बन सकता है जो स्थायी विकलांगता और अंग विच्छेदन का कारण बन सकता है। उन्होंने बताया कि सर्पदंश प्रभावित हिस्से को स्थिर करना और पीड़ित को शांत रखना महत्वपूर्ण प्रारंभिक कदम हैं। जैसे ही नजदीक के अस्पताल में आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रिया पूरी हो जाती है, रोगी को एंटी-वेनम और आईसीयू उपचार सुविधा वाले अस्पताल में स्थानांतरित करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम का संचालन फॉरेंसिक साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष निशा पटेल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जयंत बारीक, सहायक प्राध्यापक, फॉरेंसिक साइंस विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट, लाइफ विज्ञान संकाय की डीन डॉ. समन सिद्दीकी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गुरु सरन लाल, रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा कुरूप, डॉ. रंजना देवांगन, बीएससी व एमएससी फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही।




- भारती विवि दुर्ग के फॉरेंसिक साइंस विभाग में वेबीनार का आयोजन

## आयोजन

# एक व्यापारी एक पेड़ अभियान की हुई शुरुआत, लिया संकल्प



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई पर्यावरण की रक्षा के संकल्प में एक कदम आगे बढ़ाते हुए 1111 पौधरोपण करने एक व्यापारी एक पेड़ का अभियान सोमवार से प्रारंभ किया गया। जिसकी शुरुआत सुपेला क्षेत्र से की गई। महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में 1111 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इसके तहत आज सुपेला होजियरी मार्केट अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा व मार्केट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधा हाथ में लेकर पौधरोपण व उसके संरक्षण करने का संकल्प लिया।

- चेंबर ऑफ कॉमर्स का आयोजन

### पर्यावरण की रक्षा हमारा कर्तव्य

इस अभियान में हार्डवेयर लाइन, गणेश मार्केट, आकाशगंगा, चूड़ी लाइन व रामनगर मार्केट छोटू होटल में व्यापारियों ने शपथ ली। हार्डवेयर लाइन में हरीश शर्मा, गणेश मार्केट में विनोद प्रसाद, आकाशगंगा में राहुल चेलानी व रामनगर में एस समन के नेतृत्व में सभी व्यापारियों ने पौधे लेकर पौध संरक्षण का शपथ लिया। इस दौरान हार्डवेयर लाइन में पौधरोपण भी किया गया।सुपेला मार्केट क्षेत्र में एस के अग्रवाल, नरेश जसवानी, मयंक वीरवानी, शंकर नवानी, विकास सचदेव, लक्ष्मण आयलानी को वृक्षमित्र नियुक्त कर उपहार स्वरूप पौधा भेंट किया गया।इस अभियान में मुख्यरूप से शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, सरोजनी पाणिग्रही, सुमन कन्नोजे, सविता शर्मा, राजू शदाणी, संतोष गोयल, राम खेतवानी, रामपू अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

## हेल्थ इवेंट

# मिशन लक्ष्मी में महिलाओं को कैंसर के प्रति किया जागरूक



**भिलाई।** जेएलएन हास्पिटल व सीएसआर द्वारामिशन लक्ष्मी के तहत को भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय, सेक्टर 6 में महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीईओ दिव्या श्रीवास्तव थीं। उन्होंनेमिशन लक्ष्मी' कार्यक्रम की सराहना करते हुए डायरिया के रोकथाम पर विशेष जानकारी प्रदान की और महिला सफाईकर्मियों को जागरूक किया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. मनीषा कांगो द्वारा मिशन लक्ष्मी की परिकल्पना, महत्व तथा भविष्य में इसके पर प्रकाश डाला गया। डां. निशा ठाकुर ने स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण तथा सजगता के बारे में अवगत कराया और लता मिश्रा द्वारा संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी।शिविर में28 महिला सफाईकर्मियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई जिसका संचालन डां. प्रिया साहू ने किया । 10 विजेताओं को पुरस्कृत गया। कार्यक्रम का संचालन लता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डां. निशी मिंज, डां. कौशिक, शशि सिंह आदि उपस्थित थे।

- भिलाई इस्पात कल्याण अस्पताल में किया जागरुक

---

## छत्तीसगढ़ इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजी और वेनेरोलॉजी एंड लेप्रोलॉजी का सम्मेलन

# कम उम्र में झुर्रियां, सिर के बाल झड़ने, स्किन में कालापन के प्रॉपर ट्रीटमेंट से मिलेगी मुक्ति

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजी और वेनेरोलॉजी एंड लेप्रोलॉजी का संयुक्त सम्मेलन आयोजन नेहरूनगर चौक स्थित होटल ढिल्लन में किया गया। इस आयोजन में मुंबई, भोपाल, गोरखपुर, हैदराबाद जैसे शहरों से भी डॉक्टर शामिल हुए। करीब 100 डॉक्टरों ने मिडक्यूटीकॉन सीजी-2024 नाम से आयोजित इस सम्मेलन में भाग लिया। अपने तरह के इस पहले आयोजन में मुख्य रूप से स्किन से जुड़ी बीमारियों, उनके इलाज को लेकर मंथन किया गया। एक्सपर्ट डॉक्टर्स ने कहा कि वर्तमान समय में कम उम्र वालों की भी अधिक उम्र नजर आती है। इसकी वजह से कई हो सकती है। इसलिए कुछ टेस्ट और उपाच जरूरी है। इसके अलावा सिर के बाल बाल गिरने को पूरी तरह से रोका जा सकता है। स्किन में कालेपन का भी प्रॉपर उपचार संभव है। इसे लेकर साइंस ने बहुत अधिक तरक्की की है। डॉक्टर्स ने उपाच के अलावा नई उपलब्ध दवाओं और उनके साइड इफेक्ट को लेकर भी डिसकस किया।




### पीजी स्टूडेंट्स के लिए क्विज का भी आयोजन

सम्मेलन के दौरान राज्य के सभी स्नातकोत्तर स्टूडेंट्स के लिए क्विज का भी आयोजन किया गया। इसमें विजेता टीम एम्स रायपुर और उपविजेता पं. जेएनएम रायपुर को सम्मानित किया गया। वे आगे राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। देश भर से प्रतिष्ठित संकायों ने अभ्यास को बढ़ाने के लिए उपयोग की जाने वाली नई तकनीकों और दवाओं के बारे में चर्चा की। डॉक्टर्स ने स्टूडेंट्स को इस फील्ड करियर बनाने के लिए प्रेरित भी किया।

### नई मशीनों के उपयोग और उसकी ट्रेनिंग पर भी मंथन

आईएडीवीएल सीजी की अध्यक्ष और त्वचा विशेषज्ञ डॉ. पूजा पांडेय ने बताया कि सम्मेलन में एक्सपर्ट डॉक्टर्स ने नई दवाओं के अलावा नई मशीनों के उपयोग पर भी चर्चा की। इसमें प्रमुख रूप से इन मशीनों के उपयोग को लेकर ट्रेनिंग, इसके फायदे बताए गए। सचिव डॉ. समद्रुनिल सिन्हा ने सभी डॉक्टरों का स्वागत किया। इस इंवेंट में मुख्य रूप से डॉ. राजेश कुमार (मुंबई), डॉ. मीनाक्षी टंडन (भोपाल), डॉ. किरण हेब्बालकर (मुंबई), डॉ. रत्नाकर शुक्ला (गोरखपुर), डॉ. भाग्यश्री एम (हैदराबाद), डॉ. सौमिल खरे (एम्स, रायपुर) ), डॉ. भव्य स्वर्णकार (अपोलो, बिलासपुर), डॉ. सुकृति अरोरा (भिलाई), डॉ. मेघना रेड्डी (एम्स, रायपुर) उपस्थित थे।



### उम्र के साथ चेहरे में होने वाले दाग पर भी डिस्कस, इलाज भी बताया

डॉक्टर्स ने उम्र के साथ चेहरे में बढ़ने वाले दाग को लेकर भी नई टेक्नोलॉजी से जुड़ी जानकारी दी। इसमें दवाओं के उपयोग, मजास, आयलमेंट, पाउडर के उपयोग को लेकर चर्चा की। त्वचा में होने वाले अन्य इन्फैक्शन को लेकर भी चर्चा की गई। इसमें इनके कारणों को तलाशने हो रहे शोध के बारे में भी डॉक्टरों ने बताया। त्वचा से जुड़ी बीमारियों के लिए वातावरण के असर पर भी डिसकस किया गया। डॉक्टर्स ने कहा- वातावरण के प्रदूषित होने से भी कई स्किन की बीमारियां सामने आ रही है। इसे लेकर अवेयरनेस कैम्प आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## एडमिशन...



**भिलाई।** कॉलेजों में नया एडमिशन चल रहा है। अधिकांश कॉलेजों में छात्र-छात्राओं एडमिशन फार्म भरकर जमा करने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसा नजारा कल्याण कॉलेज में देखने को मिल रहा है। जहां छात्र-छात्राओं फार्म भरकर जमा करते देखे जा रहे हैं।
*(फोटो संजय पांडेय)*

## देश-विदेश के नौ प्रमुख अधिकारियों ने किया चयन

# क्वीन फेलिक्स ऑनर पुरस्कार से सम्मानित हुई निर्वाणा



**भिलाई।** सैड बिजनेस स्कूल, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में रूंगटा पब्लिक स्कूल की छात्रा निर्वाणा अग्रवाल को प्रतिष्ठित क्वीन फेलिक्स ऑनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में चलने वाले रूंगटा पब्लिक स्कूल के लिए यह गौरव की बात है कि जब स्कूल की छात्रा निर्वाणा ने प्रतिष्ठित क्वीन फेलिक्स ऑनर पुरस्कार हासिल किया। निर्वाणा को पीटर ड्रकर मैनेजमेंट अवाड्र्स द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अवार्ड सैड बिजनेस स्कूल, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में दिया गया था। निर्वाणा, इस प्रतियोगिता में विजेता होने वाली सबसे कम उम्र की छात्रा है। यह पुरस्कार उन्हें ऑक्सफोर्ड के लॉर्ड मेयर द्वारा दिया गया।

**सैड बिजनेस स्कूल ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में किया गया पुरस्कृत**

### चयन प्रक्रिया में ये रहे शामिल

इस चयन प्रतियोगिता में देश के साथ विदेश के नौ प्रमुख अधिकारी शामिल थे। गौहर नवाब अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष और अध्यक्ष यूरो होटल इंटरनेशनल लिमिटेड यूके, पद्म भूषण से सम्मानित डॉ अनिल कोहली, इंडियन ऑब्जर्वर महासचिव गुरिंदर सिंह, सेशेल्स सांस्कृतिक राजदूत दीपक सिंह, पासपोर्ट टू ब्यूटी संस्थापक शालिनी वढेरा, डॉ. शकील-उज़-ज़मान अंसारी, मोरक्को के मानद वाणिज्य दूत प्रवीण दराद, पद्मश्री डॉ. विजय कुमार शाह और दोहा बैंक अध्यक्ष डॉ. आर सीतारमन इन नौ प्रमुख अधिकारियों के एक प्रतिष्ठित जूरी ने निर्वाणा का चयन विजेता के रूप में किया। लंदन की संसद के सदस्य कमलेश पटेल, प्रीत कौर गिल और वीरेंद्र शर्मा भी इस प्रतियोगिता में शामिल थे। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह ने निर्वाणा को उनकी इस अविश्वसनीय यात्रा के लिए उन्हें बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी असाधारण प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रतिबिंब है जो अन्य सभी के लिए प्रेरणा का काम करेगा। स्कूल के पूरे प्रबंधन और स्टाफ ने प्रिंसिपल के साथ मिलकर निर्वाणा को इस अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। विभिन्न शैक्षणिक और साहित्यिक गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने मेधावी छात्रा को उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## दो दिवसीय टूर्नामेंट में उपविजेता रही एसएमआर सुपर किंग्स

# बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सीए ब्रांच की 8 टीमों ने लिया हिस्सा, सुपर जायंट्स बनी विजेता



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** सीए भिलाई ब्रांच द्वारा सीए सदस्यों एवं छात्रों के लिए दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। भिलाई ब्रांच क्रिकेट लीग बीबीसीएल का आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया गया। जिसमें नीलामी के तहत आठ टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन टीम मालिकों द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन एवं ट्रॉफी अनावरण भिलाई महापौर नीरज पाल एवं पार्षद अमनदीप सोनी, ब्रांच चेयरमेन सीए राहुल बत्रा एवं ट्रॉफी प्रायोजक सीए अमित राय द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में विजेता सुपर जायंट्स टीम साथ ही उपविजेता टीम एसएमआर सुपर किंग्स रही।



### आईपीएल की तर्ज पर बीबीसीएल का आयोजन

टूर्नामेंट का आयोजन भिलाई ब्रांच और टूर्नामेंट समिति द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ब्रांच चेयरमेन सीए राहु बत्रा, सचिव सीए अंकेश सिन्हा, सीए प्रदीप पाल, सीए प्रियेश लेखवानी, सीए आकाश जासवानी, अनुभव सिन्हा, सागर अंडानी, दीक्षा गणेशानी, क्षितिज और सौमिता शामिल हैं। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए एक यादगार अनुभव बना और भिलाई ब्रांच के सदस्यों के बीच एकता और सहयोग की भावना को मजबूत किया।

### सभी टीमों ने किया उम्दा प्रदर्शन

ब्रांच चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें संजीव अग्रवाल सुपर जायंट्स, धोडी डेयरडेविल्स, लेखवानी लायंस, एसएमआर सुपर किंग्स, महेश्वरी नाइट एवेंजर्स, एसी सुराना स्ट्राइकर्स, विश्वनाथ विक्टर्स एवं पीएसएसी टाइटन्स ने हिस्सा लेते हुए अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया। भिलाई ब्रांच में यह पहली बार था जब बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के विजेता संजीव अग्रवाल की सुपर जायंट्स टीम बनी, जिसकी कप्तानी अनुभव सिन्हा ने की। उपविजेता टीम एसएमआर सुपर किंग्स रही, जिसका नेतृत्व ब्रांच चेयरमैन सीए राहुल बत्रा ने किया।



ज्योतिष शास्त्र

## शनि की उल्टी चाल से इन राशि वालों को होगा जमकर धन लाभ



ग्रहों में सबसे धीमी चाल से चलने वाला शनि ग्रह अपनी चाल बदलकर कुंभ राशि में प्रवेश कर गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, शनि देव वक्री (उल्टी चाल) अवस्था में 15 नवंबर तक रहने वाले हैं। ग्रहों में न्यायाधीश माने जाने वाले शनि देव 29 जून को मध्यरात्रि यानी 12 बजकर 35 मिनट पर कुंभ में वक्री हो गए। शनि की यह उल्टी चाल कुछ राशियों से जुड़े लोगों के जीवन में खास बदलाव लाने वाला है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, पांच राशियों मेष, वृषभ, सिंह, धनु और मकर राशि के जातकों को शनि-वक्री के दौरान जबरदस्त लाभ प्राप्त होगा। शनि देव की विशेष कृपा के परिणामस्वरूप करियर में तरक्की के साथ-साथ नौकरी-व्यापार में भी खूब लाभ देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं कि शनि की वक्री चाल किन राशियों को मालामाल कर सकती है।

**मेष राशि :** शनि की वक्री चाल मेष राशि के लिए खास है। वक्री अवस्था के दौरान शनि देव आर्थिक उन्नति में सहायक होंगे। इसके साथ ही इस दौरान सामाजिक कार्यों में मान और प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। करियर में उन्नति के अलावा नौकरी में प्रमोशन का भी लाभ प्राप्त हो सकता है। इस दौरान वो तमाम इच्छाएं पूरी होंगी जिसका लंबे समय से इंतजार था।

**वृषभ राशि :** शनि देव वक्री अवस्था के दौरान वृषभ राशि से जुड़े लोगों के लिए भी उन्नति के कारक बनेंगे। आर्थिक जीवन में उन्नति के साथ-साथ सुख और ऐश्वर्य के साधनों में भी बढ़ोतरी होगी। शनि की वक्री अवस्था के दौरान करियर में तमाम मोर्चों पर शुभ फल प्राप्त होगा। प्रमोशन का शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों का दायरा बढ़ेगा। नवंबर तक कोई बड़ी सफलता मिल सकती है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के लिए शनि का वक्री होना बेहद शुभ और लाभकारी है। इस अवधि में उन्नति के कई अवसर प्राप्त होने के साथ-साथ करियर में भी खास उन्नति देखने को मिलेगी। शनि वक्री की अवधि में बिजनेस में अच्छी आर्थिक उन्नति होगी। आकस्मिक धन लाभ के साथ-साथ कहीं फंसा हुआ पैसा भी वापस मिलेगा।

**धनु राशि :** धनु राशि से संबंधित लोगों के लिए शनि का वक्री होना काफी लाभदायक साबित होने वाला है। कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में यश मिलेगा। बिजनेस में आर्थिक लाभ के कई स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन लाभ होने के साथ ही संपत्ति में भी इजाफा हो सकता है।

**मकर राशि :** शनि का वक्री होना मकर राशि के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस अवधि में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त उछाल आएगा कर्ज के बोझ से छुटकारा मिलेगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल नजर आएगा। लव लाइफ से लिए भी शनि का यह परिवर्तन खास है. इस दौरान प्रेम संबंधों का आनंद लेंगे। समाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा मिलेगी।

## मंगल का 12 को वृषभ राशि में प्रवेश, इन राशियों को 46 दिनों तक रहना होगा बेहद सतर्क

ज्योतिष में मंगल को भूमि, साहस, पराक्रम और उत्साह का कारक माना गया है। ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक मंगल ग्रह 12 जुलाई को वृषभ राशि में प्रवेश करने जा रहा है। मंगल देव वृषभ राशि में 46 दिनों तक रहेंगे। इसके बाद मंगल का 26 अगस्त को मिथुन राशि में गोचर होगा। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक, वैसे तो मंगल का यह गोचर सभी राशियों को प्रभावित करेगा लेकिन 5 राशियों को खास सतर्क रहना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि मंगल का यह राशि परिवर्तन पांच राशियों के लिए कष्टकारी माना जा रहा है।

**मिथुन राशि :** मंगल का गोचर मिथुन राशि के लिए कष्टकारी हो सकता है। मंगल-गोचर की अवधि में सेहत का खास ख्याल रखना होगा। इस दौरान अधिक मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी। अनावश्यक खर्च में वृद्धि होने की वजह से शारीरिक और मानसिक तनाव रहेगा। इस दौरान शादीशुदा लोगों को परिवार में सामंजस्य बनाकर चलना होगा। जीवनसाथी के साथ विवाद करने से बचना होगा।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के लिए मंगल का गोचर शुभ नहीं माना जा रहा है। इस दौरान कोई बड़ी इच्छा अधूरी रह सकती है। कार्यस्थल पर छवि धूमिल हो सकती है। करियर में तरक्की के लिए काफी मेहनत करना पड़ेगा। सेहत संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अनावश्यक कार्यों की वजह से मानसिक तनाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि :** मंगल का यह गोचर वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा नहीं है। शादीशुदा जिंदगी में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। पार्टनर के साथ रिश्ते में खटास आ सकती है। इस दौरान आत्मनियंत्रण ना होने की वजह से काफी संघर्ष करना पड़ेगा। साझेदारी वाले बिजनेस में पार्टनर के साथ विवाद हो सकता है।

**कुंभ राशि :** मंगल गोचर के दौरान कुंभ राशि से जुड़ लोगों को माता की सेहत का खास ख्याल रखना होगा। फिजूखर्ची की वजह से मानसिक तनाव बढ़ सकता है। नौकरीपेशा वालों को भागदौड़ व कार्यस्थल पर दिक्कतों का भी सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण काम प्रभावित होंगे। आर्थिक परेशानियों से विचलित हो सकते हैं।

**मीन राशि :** मंगल का गोचर मीन राशि के लिए भी अनुकूल नहीं है। गोचर की अवधि में कई प्रकार की उलझनों का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान आय के साधन प्रभावित हो सकते हैं। इस दौरान की गई यात्रा कष्टकारी रहेगी।

### चिपचिपी गर्मी और नमी के कारण त्वचा को होने लगता है नुकसान

# बारिश के कारण हो रहा फंगल संक्रमण तो छुटकारा पाने के लिए कारगर हैं ये उपचार

मानसून के आगमन से गर्मी से राहत तो मिल जाती है लेकिन बारिश के मौसम में हवा में उच्च स्तर की नमी होने लगती है। इस चिपचिपी गर्मी और नमी के कारण त्वचा को नुकसान होने लगता है। मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जल-जनित बीमारियों के अलावा, मानसून फंगल संक्रमण होने का एक प्रमुख कारक हो सकता है। ये संक्रमण हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस के कारण होते हैं। आप मानसून में होने वाले फंगल संक्रमण के इलाज के लिए ये टिप्स अपनाएं।



### नीम का करें इस्तेमाल

नीम की पत्तियां त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं और फंगल त्वचा संक्रमण का प्रभावी ढंग से इलाज कर सकती हैं। आप अपनी संक्रमित त्वचा पर नीम का पेस्ट बनाकर लगाएं। नीम में सूजन-रोधी, एंटीऑक्सीडेंट और प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुण होते हैं। नीम त्वचा को हानिकारक अल्ट्रा वॉयलेंट किरणों, प्रदूषक और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में सहायक साबित होती है।



### एलोवेरा जेल से मिलेगा आराम

मानसून के दिनों में अपनी त्वचा की देखभाल करने के लिए आप एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मजबूत जीवाणुरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो मुक्त कणों से लड़ने में सहायता करते हैं। एलोवेरा दाद से जुड़ी परेशानी, जलन और खुजली से भी राहत दिला सकता है। आपको एलोवेरा के इस्तेमाल से ये फायदे और नुकसान हो सकते हैं।

### टी-ट्री ऑयल का करें उपयोग

टी-ट्री ऑयल एक तरह का एसेंशियल आयल है, जिसे बनाने के लिए ऑस्ट्रेलियाई टी-ट्री पेड़ की पत्तियों को भांप में पकाया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, टी-ट्री अपने एंटीफंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण उपयोगी उपाय हो सकता है। टी-ट्री ऑयल की कुछ बूंदों को संक्रमित जगह पर लगाएं और दिनभर में कम से कम 3 से 4 बार इस तेल का इस्तेमाल करें।

### शहद लगाना है कारगर उपाय

फंगल संक्रमण के लिए सबसे सरल घरेलू उपचारों में से एक है शहद का उपयोग। इसमें हाइड्रोजन पेरोक्साइड होता है, जो संक्रमण पैदा करने वाले कवक और बैक्टीरिया को मारने में अत्यधिक प्रभावी होता है। शहद में विटामिन, खनिज, आयरन, जस्ता और एंटीऑक्सिडेंट भी होते हैं। यह संक्रमण के इलाज, मेटाबोलिक सिंड्रोम से लड़ने और स्वस्थ त्वचा को बनाए रखने के लिए भी फायदेमंद है।

### नारियल का तेल आएगा काम

नारियल के तेल में पाए जाने वाले एंटीफंगल और माइक्रोबियल गुण दाद संक्रमण की जगह लगाकर उपचार में सहायता कर सकते हैं। यह दाद और कैंडिडा जैसे अन्य फंगल संक्रमणों के लिए एक बहुत ही शक्तिशाली घरेलू उपचार है। इसे दिन में कम से कम 3 से 4 बार संक्रमित अंगों पर लगाएं। आप नारियल तेल लगाकर स्ट्रेच मार्क्स से भी छुटकारा पा सकते हैं।

## धन-ऐश्वर्य, सुख-समृद्धि के कारक शुक्र के स्थान परिवर्तन से बदलेगी इन राशियों की जिंदगी

धन ऐश्वर्य और सुख-समृद्धि का कारक शुक्र ग्रह इस वक्त मिथुन राशि में मौजूद है। ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार, शुक्र 7 जुलाई को कर्क राशि में प्रवेश करेगा। चूंकि, ज्योतिष में शुक्र को शुभ ग्रह कहा गया है इसलिए इसका गोचर अक्सर शुभ फल देने वाला होता है। शुक्र ग्रह कर्क राशि में 30 जुलाई तक रहेगा। ऐसे में शुक्र देव इस दौरान राशिचक्र की तमाम राशियों को प्रभावित करेंगे। ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार, शुक्र का यह राशि परिवर्तन तीन राशियों के लिए विशेष लाभकारी है।

### कर्क राशि

शुभ ग्रह शुक्र का गोचर कर्क राशि के लिए अत्यंत खास है। चूंकि, शुक्र देव चाल बदलकर इसी राशि में प्रवेश करने वाले हैं इसलिए इस दौरान सुख और ऐश्वर्य बढ़ेगा। सेहत के लिहाज से भी शुक्र का यह गोचर खास है। बिजनेस में खास आर्थिक लाभ होगा। करियर में तरक्की का भरपूर अवसर प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति में गजब का सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। लव लाइफ और वैवाहिक जीवन में रोमांस बना रहेगा।



### तुला राशि

शुक्र का गोचर तुला राशि से जुड़े लोगों के लिए भी अत्यधिक शुभ और लाभकारी माना जा रहा है। शुक्र-गोचर की पूरी अवधि में धन आगमन से कई स्रोत विकसित होंगे। व्यापारियों को अच्छा मुनाफा प्राप्त होगा। कार्यस्थल पर अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में सुख और शांति बनी रहेगी। शादीशुदा जिंदगी में लाइफ पार्टनर का खूब साथ मिलेगा। नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

### वृश्चिक राशि

शुक्र की चाल बदलने से वृश्चिक राशि से संबंध रखने वालों को खास लाभ होगा। बिजनेस में आर्थिक उन्नति के कई द्वार खुलेंगे। नौकरी में मन के अनुकूल प्रमोशन मिल सकता है। ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। प्रॉपर्टी से जुड़े कार्यों में जमकर धन लाभ होगा। इस दौरान जो भी काम करेंगे उसमें भाग्य का साथ मिलेगा।

## मिथुन से कर्क राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य इन राशियों के लिए शुरू होंगे अच्छे दिन

ग्रहों के राजा सूर्य देव राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य देव मंगलवार 16 जुलाई को मिथुन से कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य देव इस गोचर के दौरान 30 दिनों तक चंद्रमा की राशि में संचरण करते रहेंगे। सूर्य के इस राशि परिवर्तन से कुछ राशियों को एक महीने तक खास लाभ प्राप्त हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि सूर्य का यह राशि परिवर्तन किन तीन राशियों के लोगों को खास लाभ होने वाला है।



**वृश्चिक राशि :** इस राशि से संबंधित लोगों के लिए सूर्य का यह राशि परिवर्तन कई मायनों में लाभकारी है। सूर्य के इस गोचर से करियर में अपार सफलता व प्रशंसा मिलेगी। नौकरी में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रॉपर्टी में अच्छी डील फाइनल हो सकती है। इस दौरान छोटी-मोटी यात्रा से भी लाभ होगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहने वाली है।

**सिंह राशि :** सूर्य का कर्क राशि में परिवर्तन सिंह राशि के लिए अत्यंत खास है। चूंकि, सूर्य देव स्वयं इस राशि के स्वामी हैं इसलिए गोचर की अवधि में खास लाभ होगा। बिजनेस करने वालों के लिए यह अवधि शुभ रहने वाली है। इस दौरान निवेश से जबरदस्त आर्थिक लाभ होगा। सेहत अनुकूल रहेगा। पारिवार के सदस्यों के साथ खुशनुमा समय बिताएंगे।

**मीन राशि :** सूर्य का राशि परिवर्तन मीन राशि से जुड़े लोगों के लिए भी खास माना जा रहा है। सूर्य-गोचर की अवधि में बिजनेस में जबरदस्त मुनाफा प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति में जबरदस्त सुधार देखने को मिलेगा। कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। दोस्तों से खास आर्थिक लाभ मिलेगा। सूर्य गोचर की अवधि में भाग्योदय तक माना जा रहा है। धार्मिक कार्यों को करने से मानसिक तक पर प्रसन्न रहेंगे। सामाजिक मान-सम्मान प्राप्त होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।



## पीरियड्स में होने वाली ज्यादा परेशानी से राहत पाने कुछ घरेलू नुस्खे

पीरियड्स महिलाओं की मासिक समस्या है, इस दौरान कई महिलाओं को अत्यधिक दर्द और असुविधा झेलनी पड़ती है। मेनोरेजिया पीरियड्स की एक ऐसी स्थिति है, जिसमें महिलाओं का सामान्य से अधिक खून निकलता है। इसका अनुभव करने वाली महिलाओं को अधिक मात्रा में रक्त की हानि होती है, जिससे एनीमिया, थकान, कमजोरी या अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। आपको पीरियड्स के दौरान होने वाली इन समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आप इस समस्या से निजात पाना चाहती हैं तो अपनाएं ये टिप्स।

**डाइट में शामिल करें आयरन से भरपूर भोजन :** पीरियड्स में अधिक खून बहने के कारण एनीमिया और आयरन की कमी हो सकती है। अपनी रोजाना की डाइट में आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करके खून के प्रवाह को नियंत्रित किया जा सकता है। आयरन के समृद्ध स्रोतों में खुबानी, किशमिश, बीन्स, पालक, ब्रोकली, सूखे फल और टोफू आदि शामिल हैं। इनके अलावा गेहूं के रोगाणु और शराब बनाने वाला खमीर भी आयरन की कमी को पूरा कर सकते हैं।



**पीएं हर्बल व अदरक वाली चाय :** आप कुछ हर्बल चाय का सेवन करके भी खून के प्रवाह को कम कर सकती हैं। अदरक के ऐंठन कम करने वाले गुण पीरियड्स के दर्द और खून की मात्रा को कम कर सकते हैं। अदरक की चाय बनाने के लिए ताजे अदरक के एक छोटे टुकड़े को कद्दूकस कर लें और इसे 5-10 मिनट के लिए पानी में उबालें। इसके अलावा आप धनिया-दालचीनी की चाय, शहद-केसर की चाय और इमली-शहद की चाय भी पी सकती हैं।

**हीटिंग पैड का करें उपयोग :** पीरियड्स में होने वाले दर्द और ऐंठन को कम करने के लिए पेट के निचले हिस्से पर एक हीटिंग पैड या गर्म पानी की बोतल रखी जा सकती है। गर्मी दर्द को कम करती है और रक्त के उत्पादन को कम करने का काम करती है। हीटिंग पैड गर्भाशय की मांसपेशियों को आराम देकर अत्यधिक रक्त प्रवाह को कम करने में आपकी मदद कर सकता है।

### योग करने से मिलेगा आराम

पीरियड्स के दिनों में महिलाओं को तनाव, चिंता और उदासी महसूस होती है। यह सभी परेशानियां पीरियड्स के लक्षणों को बिगाड़ सकती हैं और अधिक खून बहनें का कारण बन सकती हैं। ऐसे में आप कुछ देर तक ध्यान लगाकर अपने मन को शांत कर सकती हैं। इसके अलावा बालासन, त्रिकोणासन और अपानासन जैसे कुछ योग अभ्यास भी पीरियड्स में आपको आराम पहुंचा सकते हैं।

**रोजाना लें पर्याप्त नींद :** पीरियड्स में अधिक खून बहने की समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त नींद लेना जरूरी होता है। आराम करने से हॉर्मोन विनियमन में सहायता मिलती है, जो पीरियड्स को प्रभावित करते हैं। पर्याप्त नींद लेने से मूड अच्छा रहता है, जिससे महिलाओं के लिए पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और थकावट से निपटना आसान हो जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए आप रोजाना 8 घंटे की नींद जरूर लें और दिन में भी कुछ देर आराम करें।

कार्नर न्यूज

### अस्वच्छ वातावरण के कारण बरसात में पानी से फैलने वाली बीमारियां होने लगती हैं

# मानसून में डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों से निपटने के लिए डाइट में शामिल करें ये जड़ी-बूटियां

मानसून जहां अपने साथ बारिश लेकर आता है, वहीं यह कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी कारण बनता है। अस्वच्छ वातावरण के कारण बरसात में पानी से फैलने वाली बीमारियां होने लगती हैं। इस मौसम में आपको फ्लू, डेंगू, हैजा, मलेरिया और सर्दी जैसी कई बीमारियों का खतरा हो सकता है। आप इन बीमारियों से निपटने के लिए अपनी डाइट में ये 5 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां शामिल कर सकते हैं। इनके सेवन से आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहेगा और संक्रमण नहीं होगा।





### चबा सकत हैं तीम की पत्तियां

आप मानसून के दौरान अपने खान-पान में नीम को शामिल करके अपने शरीर को मजबूत बना सकते हैं। इसके एंटीसेप्टिक, एंटीऑक्सीडेंट, जीवाणुरोधी और प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले गुण आपके संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं। नीम में मौजूद निम्बोलाइड और निंबिडिन नामक घटकों में एंटीफंगल और जीवाणुरोधी गुण होते हैं। मानसून के दौरान आप सुबह और शाम के वक्त नीम की चाय पी सकते हैं या नीम की पत्तियों को चबा सकते हैं।

### अश्वगंधा

बारिश के मौसम में आप अश्वगंधा का सेवन करके अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं। ये थकान, सर्दी, संक्रमण और अन्य मौसमी बीमारियों को दूर करने के लिए जाने जाते हैं। अश्वगंधा में इम्यून-मॉड्यूलेटिंग गुण होते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में आपकी मदद कर सकते हैं। शरीर के रक्षा तंत्र को बढ़ाकर यह मानसून में होने वाले संक्रमणों के खिलाफ बेहतर प्रतिरोध को बढ़ावा देता है।

### अदरक में मौजूद है एंटीऑक्सीडेंट

अदरक में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ऐसे मुक्त कणों के नियंत्रण में सहायता करते हैं, जो कोशिकाओं को अधिक मात्रा में नुकसान पहुंचा सकते हैं। आप मानसून के दौरान, सूप, स्टू या स्टिरफ्राई में घिसी हुई अदरक शामिल करके खा सकते हैं। इसके साथ ही आप रोजाना अदरक वाली चाय पीएं। अदरक में कई सूजनरोधी गुण होते हैं, जो डेंगू बुखार के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।



### नींबू घास यानि लेमनग्रास

नींबू घास एक तरह का औषधीय पौधा है, जिसे लेमनग्रास के नाम से भी जाना जाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट आपके शरीर से रोग पैदा करने वाले मुक्त कणों को खत्म करने में सहायता कर सकते हैं। आप नींबू घास से बनी हर्बल चाय या सूप पीकर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं और मानसून की बीमारियों से बच सकते हैं। यह एक ज्वरनाशक तत्व है, जो बहुत तेज बुखार को आसानी से कम कर सकता है।

**गिलोय :** आयुर्वेदिक चिकित्सा में एक जरूरी जड़ी-बूटी है गिलोय, जिसे हार्ट-लीव्ड मूनसीड के नाम से भी जाना जाता है। यह एंटीऑक्सिडेंट का एक बढ़िया स्रोत है, जो शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। यह मानसून के दौरान पाचन स्वास्थ्य को मजबूत बनाने, ब्लड शुगर और बुखार को कम करने में सहायता करता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इनसाइड आउट 2 सबसे तेज 100 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म

**लॉस एंजिलिस।** इनसाइड आउट 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार कामयाबी के झंडे गाड़ रही है। डिज्नी /पिक्सर की इस फिल्म को दुनियाभर से बेशुमार प्यार मिल रहा है। टिकट खिड़की पर कई रिकॉर्ड बनाने वाली



इस फिल्म ने अब एक बड़ी उपबल्धि हासिल कर ली है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बिलियन यानी 100 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इनसाइड आउट 2 ने 19 दिनों में 101.48 करोड़ डॉलर का वैश्विक कारोबार कर लिया है। इसके साथ ही यह फिल्म सबसे कम समय में एक 100 करोड़ी क्लब में जगह बनाने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म ने फ्रोजन 2 को पछाड़कर यह नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसे इस आंकड़े तक पहुंचने में 25 दिनों का समय लगा था। अब तक कुल 11 एनिमेटेड फिल्म ही इस प्रतिष्ठित क्लब का हिस्सा हैं, जिसमें डिज्नी और पिक्सर की संयुक्त रूप से आठ फिल्में शामिल हैं। केल्सी मान के निर्देशन में बनी 'इनसाइड आउट 2' इस साल की पहली फिल्म है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई की है। विदेशी बाजार में भी फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जिसकी वजह से इसने अब तक कुल 54.5 करोड़ डॉलर की कमाई कर ली है। इस सप्ताहांत इनसाइड आउट 2 ने श्रेक फॉरएवर आफ्टर (51.4 करोड़ डॉलर), मैडागास्कर 3 (53.1 करोड़ डॉलर) तथा फाइंडिंग डोरी (54.3 करोड़ डॉलर) को पीछे छोड़ते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 18वें स्थान पर अपना कब्जा किया।

### टॉलीवुड

## 500 करोड़ी क्लब में पहुंची प्रभास की फिल्म, उत्तरी अमेरिका में बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** 'कल्कि 2898 एडी' का डंका देश के साथ विदेश में भी बज रहा है। फिल्म को दुनिया के हर कोने से प्यार मिल रहा है। 27 जून को




रिलीज हुई यह फिल्म ताबड़तोड़ कमाई के साथ हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। वैश्विक स्तर पर फिल्म 500 करोड़ी क्लब में शामिल हो गई है। छप्परफाड़ कमाई करते हुए यह फिल्म उत्तरी अमेरिका में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों की सूची में जगह बनाने में कामयाब रही है। प्रभास और दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी अभिनीत इस फिल्म ने चौथे दिन एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 500 करोड़ के प्रतिष्ठित क्लब में शामिल हो गई है। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने रविवार रात को एक्स पर इस बात की आधिकारिक घोषणा कर दी। कलेक्शन के आंकड़े वैश्विक स्तर के हैं। इस कमाई के साथ कल्कि 2898 एडी पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई है। इससे पहले बाहुबली द कन्क्लूजन, आरआरआर, सालार पार्ट 1 और बाहुबली द बिगिनिंग यह कारनामा कर चुकी है। इस लिस्ट में प्रभास की कुल चार फिल्में शामिल हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि पहले हफ्ते में प्रभास की यह फिल्म 1,000 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हो जाएगी। यह फिल्म 1500 करोड़ के क्लब में जगह बना पाएगी या नहीं, यह सोमवार के कलेक्शन पर निर्भर करेगा। वहीं, उत्तरी अमेरिका के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म को लेकर लोगों में जबर्दस्त दीवानगी देखने को मिल रही है।

### भोजपुरी

## फिल्मफ्रीवे का दर्शकों को बड़ा तोहफा आधिकारिक भाषा के रूप में जुड़ी भोजपुरी

**मुंबई।** दुनिया भर में फिल्म फेस्टिवल सबमिशन प्रक्रियाओं के लिए डिफॉल्ट टूल बन गए फिल्मफ्रीवे ने भोजपुरी दर्शकों को बड़ा तोहफा




दिया है। फिल्मफ्रीवे पर भोजपुरी भी ऑफिशियल भाषा के तौर पर जुड़ गई है। इस बात की जानकारी लेखक, पत्रकार और फिल्म निर्माता विमल चंद्र पांडे ने पोस्ट कर दी है। विमल ने अपनी खुशी जाहिर करने के लिए फेसबुक का सहारा लिया और उनकी पोस्ट से इसके लिए की गई उनकी मेहनत का भी खुलासा हुआ। विमल चंद्र पांडे ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'फिल्मफ्रीवे ऐसा वेबसाइट है जहां अपना फिल्म अपलोड करके देश-दुनिया के अलग-अलग फिल्म फेस्टिवल में भेजा जा सकता है। इसका उपयोग अपनी पहली फिल्म द होली फिश में किया गया था और उसका सलेक्शन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।' उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'बाकी जब अपनी भोजपुरी फिल्म मद्धिम को फिल्मफ्रीवे पर अपलोड किया तो मुझे ये जानकर आश्चर्य हुआ कि भाषा वाली श्रेणी में एक साईन लैंग्वेज की जगह दी गई थी लेकिन उसमें भोजपुरी का नाम नहीं था। मेल किया तो आश्वासन मिला कि इस पर विचार किया जाएगा। कई बार याद दिलाने और भोजपुरी ऑडियंस की रीच के बारे में समझाने के बाद वापस से मेल आया कि अब फिल्मफ्रीवे पर भोजपुरी भी ऑफिशियल लैंग्वेज होगी तो अंदर से बहुत अच्छा लगा। जब सामने से बताया जाएगा तो सामने वाले को जरूर समझ आएगा। धन्यवाद फिल्मफ्रीवे।' जानकारी हो कि फिल्मफ्रीवे फिल्म निर्माताओं के लिए विश्व स्तर पर सैकड़ों फिल्म समारोहों में अपनी फिल्में प्रस्तुत करने के लिए एक वेबसाइट है। 2014 में कनाडा में चार व्यक्ति के स्टार्टअप के रूप में शुरू हुआ, यह अमेजन के स्वामित्व वाली बड़ी कंपनी 'विदाउटअबॉक्स' के साथ प्रतिस्पर्धा में लगातार बढ़ता गया। उस समय तक, डिजिटल फिल्म महोत्सव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर 'विदाउटअबॉक्स' का एक आभासी एकाधिकार था।

## बारिश में बटोरें हर किसी की अटेंशन

### लाइफ स्टाइल



बरसात का मौसम वैसे तो अपने साथ ताजगी और उमंग लेकर आता है लेकिन इस मौसम में कैसे कपड़ें पहनें जिसमें स्टाइल के साथ समझौता न करना पड़े ये थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है खासतौर से जब एथनिक वेयर्स पहनना हो तो इस मौसम में एथनिक वेयर्स में खूबसूरत नजर आने के लिए पीला नारंगी हरा नीला गुलाबी सफेद लाल और बैंगनी जैसे रंगों को शामिल करें। पीला रंग खुशी और ऊर्जा का प्रतीक है। यह रंग बारिश के दिनों में मूड को हैप्पी और पॉजिटिव रखता है। शादी-ब्याह या किसी फेस्टिवल में पीले रंग की कुर्ती, साड़ी या अनारकली सूट पहन सकती हैं। जो आपको भीड़ से अलग और आकर्षक बनाएगा।

## क्यों डार्क हो जाते हैं होंठ, घरेलू नुस्खे अपनाने से हो जाएंगे गुलाबी

गुलाबी और लाल होठों को खूबसूरत माना गया है, लेकिन ये धीरे-धीरे कब काले हो जाते हैं पता भी नहीं चलता। जब हमें फर्क दिखने लगता है तो हम तमाम उपाय खोजने की कोशिश करते हैं। महिलाएं लिपस्टिक की मदद से उन काले धब्बों को छिपाती हैं लेकिन ये कोई कारगर या स्थायी उपाय नहीं है। आइए जानते हैं कि इसके काले होने के पीछे की क्या वजह है

### होंठ काले होने के कई हैं कारण

विशेषज्ञों के अनुसार, धूप की किरणों से भी होंठ काले हो सकते हैं। इसके लिए आपको ऐसे लिप बाम का यूज करना चाहिए जो इन खतरनाक किरणों से आपको बचाए। कम पानी पीने की वजह से भी होंठ काले हो सकते हैं यानी आप अपनी बॉडी को हाइड्रेट नहीं कर रहे हैं। तीसरा सिगरेट पीने से भी आपके होंठ ब्लैक हो सकते हैं। टूथपेस्ट से एलर्जी भी इसकी वजह हो सकती है। अगर आप कैफीन का सेवन अधिक कर रहे हैं यानी खूब चाय और कॉफी पीते हैं तो होंठ काले हो सकते हैं।



### कैसे सही करें अपना लिप कलर

होंठ के कालेपन का इलाज इन दिनों लेसर ट्रीटमेंट है। इसके अलावा हाइड्रोक्विनोन और कोजिक एसिड भी होंठ के काले धब्बे हटाने के लिए यूज किया जाता है। इसके अलावा आप घरेलू नुस्खों को भी फॉलो कर भी होंठों को गुलाबी कर सकते हैं।

**नींबू :** वर्ष 2002 के एक स्टडी में पाया गया कि खट्टे फल काले धब्बे को कम कर सकते हैं। रात में सोने से पहले आप एक कटा हुआ नींबू का रस होठों पर लगा सकत हैं। सुबह आप इसे ठंडे पानी से धो लें। कम से कम 1 महीने में आपको इसका फर्क दिखेगा।

**हल्दी :** वर्ष 2010 की एक स्टडी के मुताबिक, यह भी काले दाग को कम करने के माना जाता है। दूध में हल्की हल्दी मिलाकर आप गाढ़ा पेस्ट बना सकते हैं और इससे अपने होठों का मसाज करें। लगभग 5 मिनट के बाद इसे पानी से धो लें।

**ऐलोवेरा :** होठों पर आप ऐलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐलोवेरा जेल को लगाकर करीब 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके अलावा आप इसका लिप बाम भी यूज कर सकते हैं।

## लेटेस्ट फैशन में हैं ओवरसाइज्ड कपड़े तरीके से पहनें तो लगेंगे सबसे अलग

फैशन



फैशन के रुझान आते-जाते रहते हैं, लेकिन ओवरसाइज्ड कपड़ों का चलन अब तक बरकरार है। इसलिए बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से लेकर इंटरनेशनल रनवे तक, ओवरसाइज्ड कपड़े हर जगह मौजूद हैं। इसका कारण है कि चाहे आप अपने फैशन गेम को बेहतर बनाना चाह रहे हों या बस अपनी रोजमर्रा की पोशाक को आरामदायक बनाना चाहते हों, ओवरसाइज्ड कपड़े आपके लिए बेहतरीन विकल्प हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं ओवरसाइज्ड कपड़ों को स्टाइल करने के आसान तरीके।

**ओवरसाइज्ड पैंट :** चौड़ी टांगों वाली जींस से लेकर ढीले-ढाले जोगर तक, ओवरसाइज्ड पैंट स्टाइलिश लुक देने के साथ आरामदायक भी होती हैं। इसे आप फिटेड टॉप के साथ पहन सकती हैं। इसका लुक और आकर्षक बनाने के लिए आप इस पर कोट पहनें और लेयर नेकलेस को पहनना भी न भूलें। साथ ही सफेद स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा करें। यहां जानिए महिलाओं के लिए 5 तरह की स्टाइलिश पैंट।

**ओवरसाइज्ड डेनिम जैकेट :** सबसे क्लासिक कपड़ों में से एक ओवरसाइज्ड डेनिम जैकेट हर महिला की अलमारी में जरूर होनी चाहिए। यह एक फ्रेश और लाइट कैजुअल लुक देती है और यह रोजाना पहनने के लिए बढ़िया विकल्प है। इसके लिए आप डेनिम जैकेट को डेनिम स्कर्ट या जींस और एक ओवरसाइज्ड टी-शर्ट के साथ पहन सकती हैं। आप चाहें तो इसे ब्लैक पेंसिल जींस के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं।

**फैशन स्टेटमेंट है बॉयफ्रेंड शर्ट :** ओवरसाइज्ड बॉयफ्रेंड शर्ट अब एक फैशन स्टेटमेंट है। यह शर्ट ढीली और आरामदायक हैं, जिसे आप जींस, शॉर्ट्स के साथ किसी ड्रेस के साथ भी पहनी जा सकती है। इस लुक को और अच्छा बनाने के लिए शर्ट पर बेल्ट लगाएं। हालांकि, अगर आप इसे किसी पार्टी में पहनने वाली हैं तो गले में लेयर नेकलेस पहनें। इसके साथ ही फुटवियर्स के लिए हाई हील्स या वेजीस को चुन सकती हैं।

**आरामदायक के साथ सुंदर भी मैक्सी ड्रेस :** मैक्सी ड्रेस न केवल आरामदायक है बल्कि सुंदर भी लगती है। आप हरे, नीले या मैरून जैसे रंगों में मैक्सी ड्रेस को चुन सकती हैं और इसे एक प्लेन व्हाइट टी-शर्ट और बूट्स या स्नीकर्स के साथ पहन सकती हैं।

## बारिश के नमी भरे मौसम में पहनें ऐसे कपड़े जो हों स्टाइलिश के साथ आरामदायक

मानसून का आगमन हमें ढेर सारी खुशियां तो देता ही है लेकिन यह मौसम अत्यधिक आर्द्रता और मूसलाधार बारिश जैसी कई चुनौतियां पेश करता है। बारिश के दिनों में आरामदायक फैब्रिक्स चुनना बेहद जरूरी होता है। इस चिपचिपे और नमी युक्त मौसम में उपयुक्त कपड़े न पहनने से आपको सामान्य से अधिक पसीना आ सकता है। इसके कारण असुविधा, खुजली और दाने जैसी परेशानियां होती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको बताएंगे मानसून के उपयुक्त कपड़े।

**कॉटन है बिल्कुल उपयुक्त फैब्रिक :** कॉटन मानसून के लिए बिल्कुल उपयुक्त फैब्रिक है। यह कपड़ा हल्का और नमी को अवशोषित करने वाला होता है। यह आपको ठंडा रखता है और पसीने को आपकी त्वचा पर चिपकने से रोकता है। मानसून में कूल और आरामदायक लुक के लिए कॉटन की ड्रेस, शर्ट और शॉर्ट्स जैसे कपड़े पहनें।

**लिनन बारिश में पहनने के लिए उम्दा :** लिनन एक हल्का फैब्रिक होता है, जिसमें सांस लेना आसान होता है। यह बारिश में पहनने के लिए बढ़िया रहता है, क्योंकि यह आसानी से सूख जाता है। प्राकृतिक फाइबर होने के कारण, लिनन हवा को आर-पार होने देता है और पसीने व दुर्गंध को रोकता है। स्टाइलिश दिखने के लिए आप लिनन का जंपसूट, ढीली पैंट और शर्ट पहन सकते हैं।



### सुंदरता और एलिगेंस को दर्शाता है जॉर्जेट

जॉर्जेट फैब्रिक सुंदरता और एलिगेंस को दर्शाता है। यह हल्के फाइबर से बना फैब्रिक मानसून के मौसम में पहनने के लिए बढ़िया रहता है। यह कपड़ा आपको नमी युक्त मौसम में भी सूखा रखता है और हवा को आसानी से आर-पार होने देता है।

## कंडीशनर के लिए बालों पर करें प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल, मिलेंगे बाजार वाले से ज्यादा फायदे

आजकल बाजार में कई तरह के हेयर कंडीशनर उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें मौजूद रसायन बालों को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकते हैं। इससे अच्छा है कि आप उनकी बजाय प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें क्योंकि वे आपके स्कैल्प को भरपूर पोषण देने के साथ बालों को मुलायम और चमकदार बनाए रखने में मदद कर सकती हैं। आइए आज हम आपको उन चीजों के बारे में बताते हैं, जो बाजार के कंडीशनर से अच्छा काम कर सकती हैं।

**शहद के साथ लगाएं एलोवेरा का जेल :** कंडीशनर के लिए सबसे पहले एक कटोरी में 1-2 एलोवेरा की पत्ती का जेल निकाल लें। इसके बाद इसमें एक चम्मच शहद और 2 बड़ी चम्मच जैतून का



तेल डालकर अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को सिर पर लगाकर शॉवर कैप पहन लें। आधे घंटे के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें। जब मिश्रण सिर से पूरी तरह निकल जाए तो इस पर तौलिया लपेट लें। यह कंडीशनर स्कैल्प को भरपूर हाइड्रेशन दे सकता है।

**केले और दूध का मिश्रण बनाएं :** केले और दूध का मिश्रण बालों को मॉइस्चराइज करने के साथ-साथ दोमुंहें बालों की समस्या को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक पके केले का गूदा और 3 बड़ी चम्मच दूध डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक लगाकर इसे सूखने के लिए छोड़ दें। लगभग आधे घंटे के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें।

**चायपत्ती का कंडीशनर :** अगर आपके पास ब्लैक या ग्रीन टी मौजूद है तो आप उसका इस्तेमाल करके भी हेयर कंडीशनर तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप एक कप पानी में 2 छोटी चम्मच चायपत्ती डालकर उबाल लें। जब यह अच्छे से उबल जाएं तो उसमें पुदीने की कुछ पत्तियां डालकर उसे फिर उबालें।

### कार्नर न्यूज

## 60-70 के दशक की जींस का चलन 2020 से जोरदार वापसी कर रहा

*फैशन में पुराने ट्रेंड्स सालों बाद वापस चलन में आते रहते हैं। ऐसा ही एक बेहद पसंद किया जाने वाला फैशन रुझान है वाइड लेग जींस। 1960-1970 के दशक की वाइड लेग जींस का चलन 2020 से जोरदार वापसी कर रहा है। इस स्टाइल के आने के बाद महिलाएं टाइट जींस को अलविदा कहकर चौड़े पैरों वाली जींस पहनना पसंद कर रही हैं। आइए जानते हैं वाइड लेग जींस को स्टाइल करने के ऐसे टिप्स, जिनके जरिए आप शानदार दिखेंगी।*

## अपनी मनपसंद वाइड लेग जींस को इन तरीकों से करें स्टाइल, दिखेंगी बेहद खूबसूरत



### ओवरसाइज टी-शर्ट के साथ पहनें

इन दिनों वाइड लेग जींस के साथ-साथ ओवरसाइज टी-शर्ट को भी पसंद किया जा रहा है। ये ढीली-ढाली और पहनने वाले के साइज से बड़ी होती हैं। ओवरसाइज टी-शर्ट का कंधा भी चौड़ा होता है और उन पर अलग-अलग तरह के प्रिंट्स होते हैं। आप अपनी वाइड लेग जींस के साथ एक आरामदायक कपड़े से बनी ओवरसाइज टी-शर्ट को पहनें। इसे पीछे की तरफ से जींस के अंदर टक करें और आगे से बाहर निकला रहने दें।

### स्पोर्ट्स ब्रा के साथ स्टाइल करें

अपने लुक को आरामदायक बनाने के लिए अपनी वाइड लेग जींस को स्पोर्ट्स ब्रा के साथ पहनने पर विचार करें। स्पोर्ट्स ब्रा अधिक फैशनेबुल वाइड लेग जींस में एक अनौपचारिक स्पर्श जोड़ती है। एक सामान्य से लंबी स्पोर्ट्स ब्रा पहनकर उसे नीली या काली रंग की वाइड लेग जींस के साथ स्टाइल करें। अगर आप केवल स्पोर्ट्स ब्रा पहनकर बाहर नहीं जाना चाहती हैं तो आप ऊपर से एक डेनिम जैकेट पहनें और स्लिग बैग भी लें।



### लंबे गले वाले क्रॉप टॉप के साथ पहनें

अपनी वाइड लेग जींस को लंबी या छोटी आस्तीन वाले हाई नेक क्रॉप टॉप के साथ स्टाइल करें। ये लंबे गले वाले क्रॉप टॉप होते हैं, जिन्हें टर्टल नेक भी कहा जाता है। अगर आप क्रॉप टॉप पहनना पसंद नहीं करती हैं तो आप लंबी आस्तीन वाले टाइट टॉप पहनकर उन्हें जींस में टक कर सकती हैं। क्रॉप टॉप का हाई नेक डिजाइन वाइड लेग जींस के साथ मिलकर आपको एक आकर्षक और बोल्ड लुक देता है।

**धारीदार शर्ट के साथ करें स्टाइल :** वैसे तो वाइड लेग जींस एक बेहद अनौपचारिक कपड़ा है, लेकिन एक व्यवसायी लुक पाने के लिए वाइड लेग जींस को एक धारीदार शर्ट के साथ पहनें। आप शर्ट को पूरी तरह से जींस में टक कर सकती हैं या केवल पीछे से टक करके आगे से बाहर निकला रहने दे सकती हैं।